RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

दैनिक नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 16 | अंक 329 | सीकर, रविवार 25 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# 11 साल तक लटकाया हेल्थ क्लेम, बीमा कंपनी पर उपभोक्ता आयोग सख्त

## बीमा कंपनी केवल मुनाफे की नहीं, निष्पक्षता की भी जिम्मेदार : आयोग

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, झुंझुनू ने बीमा कंपनियों की मनमानी पर सख्त रुख अपनाते हुए एक अहम फैसला सुनाया है। आयोग ने हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम का भुगतान नहीं करने के मामले में रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी को दोषी मानते हुए बीमाधारक को दावा राशि ब्याज सहित चुकाने के आदेश दिए हैं। आयोग ने इसे सेवा में गंभीर कमी करार देते हुए कहा कि बीमा कंपनियों से केवल अपने मुनाफे की परवाह नहीं, बल्कि बीमाधारकों के साथ निष्पक्ष और जिम्मेदार व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने सुप्रीम कोर्ट की नजीर का उल्लेख करते हुए अपने आदेश में टिप्पणी की कि बीमा अनुबंध विश्वास पर आधारित होता है और दावा निपटान में अनावश्यक देरी उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की भावना के विपरीत है। मामले के अनुसार, बड़ौदी की ढ़ाणी, खेतड़ी निवासी शिशराम सैनी ने वर्ष 2013 में रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी से स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी ली थी। पॉलिसी अवधि के दौरान अक्टूबर 2014 में अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें जयपुर के एक निजी अस्पताल में हार्ट सर्जरी करानी पड़ी, जिस पर करीब दो लाख रुपये का खर्च आया। उपचार उपरांत बीमाधारक द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज एवं मेडिकल बिल बीमा कंपनी को प्रस्तुत किए गए, इसके बावजूद कंपनी ने बीमा दावा निरस्त कर दिया।

सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि बीमा कंपनी ने बार-बार अनावश्यक आपत्तियां उठाकर प्रकरण को वर्षों तक लंबित रखा। राष्ट्रीय लोक अदालत में मिले अनेक अवसरों के बावजूद भी मामले के निस्तारण में कोई रुचि नहीं दिखाई गई। आयोग ने अपने आदेश में उल्लेख किया कि बीमा कंपनी द्वारा एक ही प्रकार के प्रार्थना पत्र बार.बार प्रस्तुत कर प्रकरण को अनावश्यक रूप से 11 वर्षों तक लंबित रखने का प्रयास किया गया, जो उपभोक्ता के अधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है।




आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील एवं सदस्य प्रमेन्द्र कुमार सैनी की पीठ ने अपने निर्णय में रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी को निर्देश दिए कि वह परिवादी को 1,81,529 रुपये की बीमा दावा राशि, परिवाद दायर करने की तिथि से 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा करे। इसके अतिरिक्त मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक क्षतिपूर्ति के रूप में 15,500 रुपये तथा वाद व्यय के रूप में 10,500 रुपये का भुगतान करने के भी आदेश दिए गए हैं।

आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समयावधि में आदेश की पालना नहीं की जाती है, तो देय संपूर्ण राशि पर 12.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज लागू किया जाएगा। यह निर्णय उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण मिसाल माना जा रहा है और बीमा कंपनियों को स्पष्ट संदेश देता है कि दावों के निपटारे में अनावश्यक देरी, टालमटोल और बहानेबाजी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परिवादी की ओर से अधिवक्ता ओमप्रकाश सैनी ने पैरवी कीए जबकि बीमा कंपनी की ओर से एडवोकेट गजेंद्र सिंह राठौड़ ने पक्ष रखा।

# मौसम : कप्प-कपाया राजस्थान

## तापमान -7 डिग्री, सर्द हवाओं से बर्फ जमी

जयपुर।

राजस्थान में आंधी-बारिश और ओले गिरने से मौसम में बड़ा बदलाव हुआ है। हिल स्टेशन माउंट में शुक्रवार रात का तापमान माइनस 7 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है। ये इस सीजन का सबसे कम तापमान है। शनिवार सुबह यहां जगह-जगह बर्फ की मोटी परत जमी नजर आई। वहीं, सीकर, बाड़मेर, जैसलमेर सहित कई जिलों में खेतों में बर्फ जम गई।

राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में दिन का तापमान 10 डिग्री तक लुढ़क गया है। जयपुर, दौसा, अलवर सहित कई जिलों में सुबह से बर्फीली हवा चल रही है। वहीं, मौसम विज्ञान केन्द्र ने राज्य में 24 और 25 जनवरी को मौसम साफ रहने का अनुमान जताया है। केंद्र के अनुसार 26 और 27 जनवरी को एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने की संभावना जताई है। इस सिस्टम के असर से आंधी-बारिश की संभावना है। कई इलाकों में घना कोहरा भी रह सकता है।

### राजस्थान में कड़ाके की सर्दी

राज्य में शनिवार तड़के से ही कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हुई। जयपुर, सीकर, अजमेर, भरतपुर, अलवर, दौसा, नागौर समेत कई जिलों में बारिश के साथ तेज हवा चली। बारिश के बाद दिनभर आसमान में हल्के बादल, धुंध रही। इससे सूरज की चमक कमजोर रही और तापमान में बड़ी गिरावट रही। राज्य के लगभग सभी जिलों में सर्दी तेज हो गई। शुक्रवार दिन में सबसे ज्यादा सर्दी सिरोही में रही, जहां अधिकतम तापमान 14.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### प्रदेश में बर्फीली हवा से लुढ़का पारा, दिन में भी ठिठुरन

राजस्थान के 10 से ज्यादा जिलों में बरसात हुई। कई जिलों में ओले भी गिरे। इसके असर से तापमान में बड़ी गिरावट हुई है। पारे में गिरावट का असर माउंट आबू सहित शेखावाटी और बार्डर एरिया वाले जिलों में सबसे अधिक दिख रहा है। माउंट आबू में पारा माइनस 7 डिग्री तक लुढ़क गया है। वहीं, पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के कारण राजस्थान के अधिकतर हिस्से शनिवार सुबह से बर्फीली हवा की चपेट में हैं। दिन और रात के तापमान में गिरावट के कारण सर्दी बढ़ गई है। बर्फ जमने के कारण फसलों के नुकसान की भी आशंका है। वहीं, शुक्रवार को जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर समेत 15 शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ।



# सोने का भाव-एक दिन में 9 हजार से ज्यादा बढ़ा

### 1 किलो चांदी 3 लाख 41,500 रु पहुंची

**जयपुर।** भारतीय सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। राजस्थान में बुधवार को स्टैंडर्ड सोने के भाव में एक ही दिन में 9 हजार 750 रुपए की जोरदार तेजी दर्ज की गई। इसके बाद 10 ग्राम सोना 1 लाख 60 हजार रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। चांदी की कीमतों में भी जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। एक ही दिन में 10 हजार रुपए की तेजी के बाद 1 किलो चांदी का भाव 3 लाख 22 हजार रुपए पर पहुंच गया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। लगातार बढ़ते दामों ने आम खरीदारों की चिंता बढ़ा दी है वहीं निवेशकों और व्यापारियों के बीच हलचल तेज हो गई है।

# आरजीएचएस योजना में अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई

### एक माह में 8 अस्पताल एवं डायग्नोस्टिक सेंटर डी-एम्पेनल , 5 अस्पतालों का टीएमएस ब्लॉक, 11 फार्मेसी स्टोर को नोटिस

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना को निरंतर सुदृढ़ कर रहा है। साथ ही, योजना में अनियमितता करने वाले अस्पतालों, फार्मेसी स्टोर एवं लाभार्थियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। विगत एक माह में विभाग ने अभियान मोड में योजना के सुचारू संचालन के लिए जरूरी कदम उठाए हैं।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि विगत एक माह में 8 अस्पतालों एवं डायग्नोस्टिक सेंटर्स को डी-एम्पैनल किया गया है। साथ ही, 2 अस्पतालों का ट्रांजेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम ब्लॉक किया गया है और उनके भुगतान भी रोके गए हैं। इसी प्रकार 3 अस्पतालों का ञरूस् तीन माह के लिए बंद किया गया है।

# भारत से एक्स्ट्रा 25% टैरिफ हटा सकता है अमेरिका

## वित्तमंत्री बोले- भारत ने रूस से तेल खरीद घटाई, ये अमेरिका की बड़ी जीत



**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प सरकार भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ में से आधा टैरिफ हटाने पर विचार कर सकती है। उन्होंने गुरुवार को अमेरिकी मीडिया वेबसाइट पॉलिटिको को दिए इंटरव्यू में कहा कि भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना काफी कम कर दिया है, इसलिए टैरिफ में राहत देने की गुंजाइश बन रही है। बेसेंट ने इसे अमेरिका की बड़ी जीत बताया और कहा कि भारत पर लगाया गया 25% टैरिफ काफी असरदार रहा है और इसकी वजह से भारत की रूसी तेल खरीद घट गई है। उन्होंने कहा कि टैरिफ अभी भी लागू हैं, लेकिन अब इन्हें हटाने का रास्ता निकल सकता है। अमेरिका ने अगस्त 2025 में भारत पर दो बार टैरिफ लगाया था।

पहली बार 1 अगस्त को व्यापार घाटे को लेकर 25% टैरिफ लगाया गया। इसके बाद 27 अगस्त को रूस से तेल खरीदने की वजह से एक बार और 25% टैरिफ लगाया गया। बेसेंट ने यह भी कहा कि यूरोपीय देश भारत पर टैरिफ इसलिए नहीं लगा रहे हैं क्योंकि वे भारत के साथ बड़ा व्यापार समझौता करना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने यूरोप पर आरोप लगाया कि वह भारत से रिफाइंड तेल खरीदकर खुद ही रूस की मदद कर रहा है। बेसेंट रूसी तेल खरीदने पर लगने वाले 500% टैरिफ प्रस्ताव पर बोल रहे थे।

# झुंझुनू में फिर लौटी सर्दी, सर्द हवाओं से जनजीवन ठिठुरा

## गर्म कपड़ों की बिक्री फिर चढ़ी परवान, कश्मीरी लोगों के खिले चेहरे

संजय सोनी

**झुंझुनु ( नवयत्न )।** शनिवार को झुंझुनू में एक बार फिर सर्दी ने तीखे तेवर दिखाए। सुबह से ही शहर सर्द हवाओं की चपेट में रहा। ठंडी हवा इतनी तेज थी कि लोग घरों से निकलते ही कंपकंपाते नजर आए। सुबह से दोपहर तक सर्द हवाओं का दौर जारी रहा, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ। दोपहर में कुछ समय के लिए सूर्यदेव के दर्शन हुए और हल्की तपिश महसूस की गई लेकिन शाम होते-होते फिर से ठंड बढ़ गई। सर्द हवाओं के कारण राहगीरों और दुपहिया वाहन चालकों को खासा परेशान होना पड़ा। लोग ठिठुरते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचते नजर आए। मौसम विभाग द्वारा पहले ही सर्दी को लेकर अलर्ट जारी किया गया था, बावजूद इसके कई लोगों ने बचाव के पर्याप्त उपाय नहीं किए, जिसका खामियाजा उन्हें ठंड में भुगतना पड़ा। देर शाम शहर के विभिन्न इलाकों में लोग अलाव तापते दिखाई दिए। वहीं सर्दी को अलविदा कह चुके गर्म कपड़ों के व्यापारियों के चेहरों पर फिर से रौनक लौट आई है। कश्मीर से आए गर्म कपड़ा विक्रेताओं ने बताया कि उन्हें लगा था कि सर्दी खत्म हो चुकी है और इस बार नुकसान उठाना पड़ेगा लेकिन बीते दो दिनों से बढ़ी ठंड ने उनके कारोबार को फिर से संजीवनी दी है। कश्मीर से आजीविका के लिए रोडवेज बस डिपो के पास कुल्हरी होटल के नीचे गर्म कपड़ों का व्यवसाय करने वाले मरगूब का कहना है कि यदि तीन-चार दिन और इसी तरह सर्दी का असर बना रहा तो वे घाटे से उबरकर मुनाफे की स्थिति में आ सकते हैं। वहीं कश्मीर मउ रामबन के रहने वाले मुन्नवर उर्फ मुन्ना का कहना है कि इस बार कोई फायदा नहीं हुआ, ज्यादा ठंड पड़ने पर ही हमारा कारोबार चलता है। हम गांव में फेरी लगाकर गर्म कपड़ों व्यवसाय करते हैं लेकिन अब 2 दिन से कुछ हालात ठीक है अगर ऐसा ही आगे रहा तो हम मुनाफे में रहेंगे वरना इस बार घाटे का सौदा रहा कश्मीर से आना।



# विराट हिन्दू सम्मेलन आज

रतनगढ़ (नवयत्न)।

रतनगढ़ में सर्व हिन्दू समाज द्वारा आज रविवार को एक विराट हिन्दू सम्मेलन का दास बालाजी मंदिर के पास स्थित नोहरे में होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3 बजे श्री राधाकृष्ण मंदिर से कलश यात्रा के साथ होगा। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूज्य महंत श्री दिनेशगिरि महाराज पीठाधीश्वर, बुधगिरि मढ़ी, फतेहपुर का आशीर्वाद रहेगा।

वहीं श्री अमितोष पारीक, राष्ट्रीय प्रवक्ता, विश्व हिन्दू परिषद, विशेष अतिथि होंगे। कार्यक्रम में शाम 4 बजे से मुख्य सम्मेलन, भजन संध्या, सुयोग्यजन एवं साधु-संत सम्मान तथा सवामणि भोजन प्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

# स्कूल में वंदेमातरम 150वें उत्सव का आयोजन




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद आयुक्त के निर्देशानुसार राजकीय महात्मा गांधी विद्यायल नं 22 में वंदेमातरम 150 उत्सव का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य प्रमिला कुमारी ने अध्यक्षता की। एसबीम प्रभारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि विद्यालय के बच्चों द्वारा बढ़े ही हर्षौल्लास के साथ बढ़ चढ़कर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया गया। इस अवसर पर निबन्ध प्रतियोगिता, रंगोली, शपथ और वंदे मातरम गीत का गायन बच्चों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अध्याप पुष्पेन्द्र भाटी, सालगा राम, राकेश शर्मा, हरिराम गोदारा, रामगोपाल शर्मा, बालचंद प्रजापत, महेंद्र सिंह, किशन लाल, हरीश चंद्र, प्रेम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## निपुण मेला एवं मेगा पीटीएम आयोजित

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय पीसीबी उच्च माध्यमिक विद्यालय में निपुण मेला एवं मेगा पीटीएम कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। डॉक्टर शर्मिला सोनी के मुख्य आतिथ्य, प्रधानाचार्य रणवीर सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। निपुण मेला प्रभारी मोहनी प्राध्यापक व एकता मीणा अध्यापिका के निर्देशन में आयोजित किया गया। मेले में यूसीईईओ पीसीबी के बारह विद्यालयों में से चार विद्यालयों के 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें शारीरिक विकास आधारित गतिविधियों में क्रमश: प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान हेमंत, अनुष्का, रामचंद्र रहे। मानसिक बौद्धिक विकास आधारित गतिविधियों में प्रथम स्थान ललित, द्वितीय मारुति नंदन, तृतीय अलीना ने हासिल किया। सृजनात्मक विकास आधारित गतिविधियों में प्रथम रेशमा, द्वितीय तमन्ना एवं हिमानी, तृतीय स्थान रश्मि ने हासिल किया।

# विवेकानंद गिरी महाराज की पुण्यतिथि आज

निसं



**लोसल ( नवयत्न )।** रामानंद गिरी के आश्रम में 25 जनवरी रविवार को आश्रम के पीठाधीश्वर रहे पगला बाबा की पुण्यतिथि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। अंचल में पगला बाबा के नाम से खूब विख्यात रहे विवेकानंद गिरी महाराज की पुण्यतिथि पर रामानंद गिरी आश्रम में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। आश्रम के पीठाधीश्वर आकाशानंद गिरी महाराज ने बताया कि आश्रम के पीठाधीश्वर रहे विवेकानंद गिरी महाराज की पुण्यतिथि महोत्सव पर 25 जनवरी को समाधि पूजा से धार्मिक कार्यक्रमों की शुरू आत की जाएगी। सुबह समाधि पूजा श्रंगार हवन का कार्यक्रम होगा ।रात को रामानंद आश्रम में महाआरती और इसके बाद भजन संध्या की शुरुआत होगी। सोमवार को बाबा की गुरू प्रसादी होगी ।

## कोबरी-सार






# निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** वर्धमान विद्या विहार सेकेंडरी स्कूल, बजाज रोड में ऑप्टिकल गैलेरी के सहयोग से आयोजित साप्ताहिक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 17 से 24 जनवरी तक चले इस विशेष कार्यक्रम में स्कूल के लगभग 1650 विद्यार्थियों की आँखों की विस्तृत जांच की गई। यह शिविर शैक्षणिक संस्थानों और चिकित्सा सेवा प्रदाताओं के बीच सामाजिक जिम्मेदारी के सफल सहयोग का उदाहरण बन गया है, जिससे न सिर्फ विद्यार्थियों को तत्काल लाभ मिला बल्कि उनमें स्वास्थ्य जागरूकता भी बढ़ी है।

### आधुनिक उपकरणों से हुई जांच

शिविर में ऑप्टिकल गैलेरी, सीकर के अनुभवी नेत्र विशेषज्ञ डॉ वसीम खान और डॉ विजय गौतम ने अत्याधुनिक मशीनों व उपकरणों के माध्यम से बच्चों की नेत्र जाँच की। इस दौरान विद्यार्थियों को नेत्र स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण परामर्श भी दिए गए।

### शैक्षणिक संस्थान और स्वास्थ्य सेवाओं का सफल सहयोग

संस्था अध्यक्ष दीपक संगही ने बताया कि यह शिविर स्कूली बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्था सचिव संजय संगही ने इस सामुदायिक पहल में ऑप्टिकल गैलेरी के सहयोग की सराहना की।

### सकारात्मक प्रतिक्रिया

संस्था प्रधान डॉ मीनाक्षी भार्गव ने बताया कि अभिभावकों ने इस शिविर की भरपूर प्रशंसा की है साथ ही बच्चों में भी स्वास्थ्य जांच को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रबंध समिति के अनुसार इस पूरे सप्ताह चले शिविर में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया।

### मौके पर मौजूद प्रबंध समिति

इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष आशीष जयपुरिया, सह-सचिव रितेश रारा, कोषाध्यक्ष सुशील काला सहित सदस्यगण सुनील पहाड़िया, प्रियंक गंगवाल, मनोज जैन, अमित पिराका, कैलाश जयपुरिया, निखिल अजमेरा तथा समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# प्राचीन आयुर्वेदिक च्यवनप्राश बनाया



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान आयुर्वेदिक नर्सिंग, ढूकिया हॉस्पिटल कैंपस झुंझुनू में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आयुर्वेदिक नर्सिंग प्राचार्य डॉ विवेक सिहाग व समस्त शिक्षकों व छात्र-छात्राओं द्वारा प्राचीन आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा च्यवनप्राश बनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राचीन भारतीय आयुर्वेदिक ज्ञान को आधुनिक शिक्षा से जोड़ना और प्राकृतिक औषधियों के महत्व को समझाना रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आंवला, दशमूल, घृत, शहद एवं विभिन्न औषधीय जड़ी-बूटियों का उपयोग कर विधिवत तरीके से च्यवनप्राश बनाया। शिक्षकों ने च्यवनप्राश के औषधीय गुणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, शारीरिक शक्ति एवं स्मरण शक्ति को सुदृढ़ करने में सहायक होता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आयुर्वेद के वैज्ञानिक आधार, संतुलित आहार एवं प्राकृतिक जीवनशैली के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। छात्रों ने इस गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे एक उपयोगी, ज्ञानवर्धक तथा प्रेरणादायक अनुभव बताया।

# रोहित गोदारा गैंग के नाम पर स्कूल संचालक से मांगी रंगदारी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सदर थाना इलाके में कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग के नाम पर एक निजी स्कूल संचालक से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। इंटरनेशनल मोबाइल नंबर से वॉट्सऐप कॉल नहीं उठाने पर पीड़ित को वॉइस मैसेज भेजकर दस लाख रुपए की रंगदारी नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। पीड़ित की शिकायत पर सदर थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार सदर क्षेत्र निवासी निजी स्कूल संचालक के मोबाइल पर उस समय इंटरनेशनल नंबर से वॉट्सऐप कॉल आया, जब वह स्कूल के विद्यार्थियों के साथ पिकनिक पर गया हुआ था। विदेशी नंबर देखकर पीडति ने कॉल को नजरअंदाज कर दिया और बाद में उस नंबर को ब्लॉक कर दिया। इसके बाद वॉट्सऐप पर वॉइस मैसेज भेजा गया। जिसे सुनने पर रंगदारी की धमकी का खुलासा हुआ। वॉइस मैसेज में खुद को रोहित गोदारा गैंग का सदस्य बताते हुए कहा गया कि मोबाइल नंबर ब्लॉक कर क्या समझ रहा है, दस लाख रुपए दे दे, नहीं तो अंजाम बुरा होगा। इस धमकी भरा वॉइस मैसेज मिलने के बाद स्कूल संचालक ने सदर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी है। सहायक पुलिस आयुक्त सदर धर्मवीर सिंह ने बताया कि पीड़ित की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। धमकी देने वाले की पहचान के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है। आईपी एड्रेस और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपित तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# राष्ट्र मंगल महायज्ञ आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार, 25 जनवरी को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में राष्ट्र मंगल पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस निःशुल्क यज्ञ में सभी लोग आहुतियां अर्पित कर सकेंगे। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या होने के कारण यज्ञ शाला को तिरंगा थीम पर सजाया जाएगा। देव पूजन के साथ भारतीय संविधान और नव युग के संविधान का पूजन किया जाएगा।

यज्ञ के दौरान देश को आजाद कराने वाले ज्ञात-अज्ञात शहीदों, क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता सैनानियों को विशेष आहुतियां प्रदान की जाएंगी। यज्ञ का संचालन गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के विद्वानों की टोली करेगी। यज्ञ में प्राप्त भेंट राशि हाल ही में दिवंगत हुए युवा फोटो जर्नलिस्ट डी के सैनी के परिजनों को भेंट की जाएगी। यज्ञ के दौरान डी के सैनी की आत्म शांति के लिए यम गायत्री मंत्र से आहुतियां अर्पित की जाएंगी।

# गुप्ता का एचसीएल के निदेशक खदान पद पर हुआ चयन

## केसीसी प्रोजेक्ट के 32 अधिकारियों की हुई पदोन्नति

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी प्रोजेक्ट के कार्यपालक निदेशक घनश्याम दास गुप्ता का शुक्रवार देर शाम को हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के नए निदेशक खदान के पद पर चयन हुआ है। घनश्याम दास गुप्ता के नाम पर भारत सरकार के पब्लिक इंटरप्राइजेज सिलेक्शन बोर्ड ने अपनी मंजूरी प्रदान की है। घनश्याम दास गुप्ता केसीसी प्रोजेक्ट में कार्यपालक निदेशक एवं इकाई प्रमुख के पद पर कार्यरत है। गुप्ता के निदेशक खदान के पद पर चयन होने की सूचना पर केसीसी प्रोजेक्ट के कर्मचारियों एवं क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। पीईएसबी की ओर से एचसीएल के निदेशक (खदान) पद हेतु इंटरव्यू आयोजित किया गया। इंटरव्यू में घनश्याम दास गुप्ता समेत कुल 11 वरीय अधिकारी शामिल हुए थे। जिनमें से एचसीएल के कार्यपालक निदेशक केसीसी घनश्याम दास गुप्ता के साथ ही ईडी नागेश शेनोय, ईडी (माइनिंग) उमेश सिंह, ईडी तलोजा कॉपर व गुजरात कॉपर प्रोजेक्ट के इकाई प्रमुख अभिमन्यु सिंहए ईडी (माइंस) विनोद गुप्ता, जीएम (माइंस) पुरुषोत्तम दास बोहरा, जीएम (इंजीनियरिंग सर्विसेज) तारक नाथ नायक, एनएमडीसी लिमिटेड के चीफ जनरल मैनेजर (एनएमडीसी ग्लोबल) नवीन दूबे, चीफ जीएम टी शिवा कुमार, एनएलसी इंडिया लिमिटेड के ईडी (प्रोजेक्ट हेड) विजय कुमार एस तथा आईसीवीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) एंड सीईओ विनय कुमार शामिल हुए थे। पीईएसबी के द्वारा शुक्रवार देर शाम को घनश्याम दास गुप्ता के नाम को डायरेक्टर (माइंस) के पद हेतु अनुशंसा कर संबंधित मंत्रालय को भेजा गया है। औपचारिकता पूरा होने के साथ घनश्याम दास गुप्ता निदेशक (खनन) के रुप में योगदान देंगे। इसी प्रकार केसीसी प्रोजेक्ट के 32 अधिकारियों की भी पदोन्नति हुई है जिसमें उपमहाप्रबंधक (प्रशासन) मानव संसाधन एस शिवदर्शी एवं उपमहाप्रबंधक (धातुकी) वीके इंद्रा उपमहाप्रबंधक से महाप्रबंधक के पद पर चयन हुआ, सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) विपिन शर्मा का उपमहाप्रबंधक के पद पर पदोन्नत हुए है। हसरत हुसैन ने बताया कि 2017 में घनश्याम गुप्ता ने एचसीएल में उपमहाप्रबंधक खदान के पद पर ज्वाइन किया था। उसके बाद मलाजखंड कॉपर माइंस को एशिया का सबसे बड़ा उत्पादक माइंस बनाया। गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी घनश्याम दास गुप्ता के लम्बे अनुभव, मेहनत एवं काम के प्रति उनके लगन को देखते हुए सरकार ने उन्हें निदेशक (खनन) जैसे महत्वपूर्ण पद का दायित्व सौंपा है। 2021 में घनश्याम दास गुप्ता जीएम सह यूनिट हेड बनकर मलाजखंड कॉपर प्रोजेक्ट (एमसीपी) यूनिट में योगदान दिया था। इकाई प्रमुख रहते हुए घनश्याम दास गुप्ता ने मलाजखंड इकाई की ओपन कास्ट माइंस के सफलतापूर्वक अंडरग्राउंड माइंस के रुप में विकसित किया था। साथ ही मलाजखंड कि कॉपर खदान के भारत का बड़ा कॉपर उत्पादक माइंस बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई। यही कारण है कि आज मलाजखंड कॉपर माइंस एशिया कि सबसे बड़ी कॉपर माइंस भी है। घनश्याम दास गुप्ता के निदेशक (खनन) बनने से एचसीएल की कॉपर खदानों का भविष्य उज्वल होता दिख रहा है। घनश्याम दास गुप्ता के निदेशक खदान पद पर चयन होने पर महिला समाज अध्यक्ष रीना गुप्ता, पीड़ी बोहरा, एस शिवदर्शी, मनीष गवई, विपिन शर्मा, नागेश राजपुरोहित, सुनील कटेवा, आनंद पांडे, मुन्नालाल जैदिया, हसरत हुसैन, एलएम जोशी, संतोष, घनश्यामदास, मनोज लामोरिया, बाबूलाल सैनी, जीतू सोनी, नवाब, समाजसेवी बबलू अवाना, नासिर हुसैन, मुकेश अग्रवाल, अजय केडिया, देसराज आदि ने आतिशबाजी कर बधाई दी।



# हैंडीक्राफ्ट के क्षेत्र में उपयोगी साबित होगी जांगिड़ द्वारा बनाई गई सालचूल मशीन

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** तहसील के निकटवर्ती गांव बुचावास निवासी ईश्वर राम जांगिड़ ने ऐसी मशीनें तैयार की हैं जो आज तक विदेशों से ही आयात की जाती थी। ईश्वर राम जांगिड़ द्वारा बनाई गई सालचूल मशीन हैंडीक्राफ्ट के क्षेत्र में बहुत ही उपयोगी साबित होगी। अब हैंडीक्राफ्ट उद्योग वालों को लकड़ी में पिन और सुराग निकालने के लिए यह मशीन तीन गुना अधिक रुपए देकर विदेश से नहीं मंगवानी पड़ेगी। भारत में सालचूल मशीन का निर्माण नहीं होने के कारण हैंडीक्राफ्ट उद्योग को चाइना, हॉलैंड, ताइवान, इटली आदि देशों से 12 लाख से 16 लाख रुपए देकर मंगवानी पड़ती थी। ईश्वर राम जांगिड़ द्वारा बनाई गई सालचूल मशीन मात्र साढ़े 5 लाख रुपए में मिल जाएगी। जांगिड़ इससे पहले भी चूरू, जयपुर और जोधपुर में रहते हुए साइनिंग, रिप्सा, पेनल, शो, कटर आदि मशीनें भी बना चुके हैं। जांगिड़ ने अब तारानगर और बुचावास के बीच श्री बाबा इंडिया नामक कंपनी की स्थापना करके ये कीर्तिमान स्थापित किया है। इतना ही नहीं 62 वर्षीय ईश्वर राम जांगिड़ ने हैलीकॉप्टर का चेसिस भी तैयार कर लिया है। जांगिड़ ने कहा कि सरकार इजाजत दे तो वे दो व्यक्तियों के बैठने योग्य हैलीकॉप्टर को तैयार करके उड़ा सकते हैं। जांगिड़ का कहना है कि भारतीय मुद्रा को विदेशों में जाने से रोकना है। जांगिड़ ने बताया कि वे एक ऐसी प्लेट तैयार कर रहे हैं जो सूर्य और हवा से चार्ज होगी। कुल मिलाकर तीसरी पास बुचावास गांव के मिस्त्री ईश्वर राम जांगिड़ ने नया इतिहास रच दिया है। सरकार सहयोग करे तो वे और भी नए आयाम स्थापित कर सकते हैं।

# विनायक स्कूल को मिला अवार्ड

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** शास्त्री नगर स्थित विनायक स्कूल को बालिका शिक्षा में नवाचार एवं बोर्ड रिजल्ट में बालिकाओं के बेहतर रिजल्ट पर शिक्षित बेटी सुनहरा राजस्थान अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। जयपुर में आयोजित शिक्षित बेटी सुनहरा राजस्थान 2026 कार्यक्रम में राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने संस्था को सम्मानित किया। यह अवार्ड संस्था की एकेडमिक हेड शिखा शर्मा को दिया गया। संस्था द्वारा बालिका शिक्षा में नवाचार के साथ उनमें सक्षम नेतृत्व क्षमता विकसित किए जाने को आवश्यक निर्णय लिए गए। समारोह में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानु शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थी। इस अवसर पर संस्था निदेशक रमेश शास्त्री ने सभी का धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया। गौरतलब है कि संस्था द्वारा निरंतर बेहतर शैक्षणिक नवाचारों को लेकर अब तक शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा यह तीसरा अवार्ड दिया गया।

# न्यू राजस्थान कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय में एनएसएस की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। साथ ही राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वंदे मातरम् 150 के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्राओं ने पूर्ण उत्साह से भाग लिया। संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने छात्राओं को वंदे मातरम् गीत के इतिहास के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी एवं बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों को बढावा देना और लैंगिक भेदभाव को दूर कर, शिक्षा को बढ़ावा देना है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सुमन जानू ने बालिकाओं के कल्याण हेतु सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाएं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, बालिका समृद्धि योजना, कालीबाई भील स्कूटी योजना एवं विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों की विस्तृत जानकारी दी। ईएलसी प्रभारी पिंकेश ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित किया। प्रतियोगिता एनएसएस प्रभारी अंजू सैनी की देखरेख में सम्पन्न हुई।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर युवाओं की भागीदारी बढ़ाने उतरेगा मेरा युवा भारत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भारत सरकार के केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के मेरा युवा भारत की ओर से 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर देशभर के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों तथा जिला मुख्यालयों पर श्राष्ट्रीय मतदाता दिवस पदयात्रा, संडेज ऑन साइकिल 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य माय भारत-माय वोट के संदेश के साथ युवाओं की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है। माय भारत जयपुर राजस्थान के राज्य निदेशककृष्ण लाल पारचा ने बताया कि जयपुर में यह कार्यक्रम प्रातः साढ़े सात बजे सुबोध कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। जिसके बाद प्रातः आठ बजे कॉलेज परिसर से जागरुकता रैली को रवाना किया जाएगा। यह कार्यक्रम एक राष्ट्रव्यापी युवा सहभागिता पहल है, जिसका उद्देश्य सूचित, नैतिक एवं सहभागी निर्वाचन भागीदारी को बढ़ावा देना है, विशेष रूप से प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। मतदाता जागरूकता को शारीरिक स्वास्थ्य एवं सामुदायिक सहभागिता से जोड़ते हुए, इस पहल के माध्यम से राष्ट्रीय मतदाता दिवस को युवाओं के नेतृत्व में एक जन-आंदोलन के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया गया है। पारचा ने कहा कि कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्यों में युवाओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना, मतदाता पंजीकरण तथा मतदाता विवरण में सुधार के लिए प्रोत्साहित करना तथा जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना शामिल हैं। पदयात्रा, संडेज ऑन साइकिल के माध्यम से सामूहिक नागरिक सहभागिता द्वारा मतदाता जागरूकता संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के स्वयंसेवकों एवं प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी रहेगी। प्रमुख गतिविधियों में पदयात्रा अथवा साइकिल रैली, प्रथम बार मतदाताओं का सम्मान, मतदाता जागरूकता संवाद, शपथ ग्रहण समारोह तथा जनसंपर्क गतिविधियां शामिल हैं। पारचा ने जानकारी दी कि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में युवाओं की भागीदारी राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण आधार है। युवाओं को जागरूक, उत्तरदायित्व एवं निर्वाचन प्रक्रिया में स्वामित्व की भावना से सशक्त बनाना लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है। इस पहल के माध्यम से युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं जिम्मेदार नागरिकता के दूत के रूप में आगे आने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# संत गणेशयति महाराज की पुण्यतिथि पर हुई मूर्ति स्थापना



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे में मंडावा रोड पर पावर हाउस के सामने स्थित बड़वाले बालाजी मंदिर परिसर में संत गणेशयति महाराज की 10 वीं पुण्यतिथि पर मूर्ति स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा की। मंदिर परिसर को रंग बिरंगी रोशनी एवं फूल मालाओं से सजावट की गई। महंत बासुदेव यति के सानिध्य में आयोजित मूर्ति स्थापना में पंडित संपत शर्मा एवं पंडित सुभाष जोशी चूड़ी अजीतगढ़ के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापना की गई। समाधि पूजन कर महा आरती हुई। भोग लगाकर कन्या पूजन कर कन्याओं को भोजन प्रसादी खिलाई गई। भंडारा शुरू हुआ जिसमें संतों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आए हुए संतों का चद्दर एवं दक्षिणा भेंट कर सम्मान किया गया। रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ।

जिसमें पंडित संपत शर्मा, खिरोड़ के नंदलाल, सुरेंद्र बियाला, विद्याधर चेजारा एवं चूरू के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी। श्रद्धालुओं ने समाधि स्थल पर धोक लगाकर मनोकामनाए मांगी। इस अवसर पर संत मनमोहन जति खोरू की भर, संत घनश्याम जति नीमराणा, संत शिवरतन जति भोजासर, समाजसेवी गिरधारी लाल इंदौरिया, मीणा समाज के जिलाध्यक्ष दिलीप मीणा, रामरतन कुमावत, आनंद चेजारा, सीताराम चेजारा, सुरेश चेजारा, राधेश्याम चेजारा, राजकुमार सुरोलिया, परमेश्वर चेजारा, कैलाश चेजारा, राजेन्द्र चेजारा, मंगलचंद चेजारा, संदीप, नरेश, विक्रम, सुभाष चेजारा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

# जयपुर सेंट्रल जेल में बंद बंदियों के बीच हुआ झगड़ा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** लाल कोठी थाना क्षेत्र स्थित जयपुर सेंट्रल जेल में बंद बंदियों के बीच आपसी विवाद का मामला सामने आया है। मामूली कहासुनी के बाद विचाराधीन बंदियों ने एक दंडित बंदी के साथ मारपीट कर दी। जेल प्रशासन की शिकायत पर थाने में मामला दर्ज किया गया है। जांच अधिकारी एएसआई किशन सिंह के अनुसार जयपुर सेंट्रल जेल के प्रहरी जनक राज सिंह 46 की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। जेल के वार्ड नंबर-11 की सेल नंबर-2 में बंद मालवीय नगर के मांडल टाउन निवासी दंडित बंदी शशी भारती के साथ मारपीट की गई। घटना 18 जनवरी की है। दंडित बंदी शशी भारती की वार्ड में बंद विचाराधीन बंदी पुनीत और नरेन्द्र से किसी मामूली बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और झगड़े का रूप ले लिया। इस दौरान पुनीत और नरेन्द्र ने मिलकर शशी भारती के साथ मारपीट कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही जेल में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर बंदियों को अलग किया और स्थिति पर काबू पाया।

# जेजेटी में ऑल इंडिया रिदम ऑफ यूथ में होगा प्रतिभाओं का महासंगम

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जगदीश प्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय विद्या नगरी (जेजेटी यूनिवर्सिटी) द्वारा 9 से 11 फरवरी तक रिदम ऑफ़ यूथ 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय की प्रेसिडेंट डॉ मधु गुप्ता एवं डॉक्टर अजीत कुमार ने संयुक्त जानकारी में बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समितियों का गठन किया गया है जिसमें सांस्कृतिक समिति पंजीकरण समिति कलाकारों के रहने की व्यवस्था, फूड समिति तथा स्वागत समिति आदि बनाई गई है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के विजेताओं को 2 लाख तक के पुरस्कार तथा ट्राफियां प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी जिसमें इंडियन सोलो गायन, इंडियन एवं वेस्टर्न सोलो एवं ग्रुप डांस, डिबेट इंग्लिश एवं हिंदी, पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। मुख्य वित्त अधिकारी डॉ अमन गुप्ता ने बताया कि प्रथम नकद पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय पुरस्कार 51 सौ, तृतीय पुरस्कार 31 सौ नकद विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को दिए जाएंगे तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा महोत्सव का उद्देश्य प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें ऊंचाइयों तक ले जाना है। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय एवं कॉलेज स्तर के विद्यार्थी ही भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी विश्वविद्यालय में संपर्क कर सकते हैं तथा रजिस्ट्रेशन के लिए यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर भी अपना पंजीकरण करा सकते है अंतिम पंजीकरण तिथि 4 फरवरी रहेगी।



# श्याम अखण्ड ज्योति पाठ आज

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** श्री श्याम सेवा समिती त5 के सौजन्य से चौधरी धर्मशाला में हर वर्ष की भांति 25 जनवरी रविवार को संगीतमय श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। आयोजन समिति के महेन्द्र सरावगी ने बताया की इस संगीतमय पाठ का वाचन रोहन सरावगी करेंगे। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे शुरू होकर रात को प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में बाबा का अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार, वृन्दावन के कलाकारों द्वारा नृत्य नाटिका तथा रात को सामूहिक महाप्रसाद की भी व्यवस्था है। सभी श्याम भक्तों से आग्रह इस भव्य पाठ में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारें।

# वार्षिकोत्सव मनाया



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में पीएमश्री श्री यूनियन क्लब राजकीय बालिका विद्यालय में प्रधानाचार्य मोहन सिंह राठौर की अध्यक्षता में तथा गोनेट सीमेट विभाग के डीप्टी डायरेक्ट ओमप्रकाश विजय के मुख्य आतिथ्य मे हुए कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एपीसी हरिप्रसाद शर्मा, युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल, मंत्री मदन दाधीच, जब्बार खोखर, शरीफ छींपा, नबीबक्श, एडवोकेट जगदीश बलानिया, छगनलाल सैनी, महेंद्र शर्मा आदि मंचस्थ अतिथि रहे ।कार्यक्रम को वाइस प्रिंसिपल इंद्र सिंह फगेड़िया, मोहनलाल, धर्मपाल बुगालिया, शरीफ छींपा मदन दाधीच, रतनलाल बारुपाल, शरीफ छींपा, आदि ने सम्बोधित किया आए हुए अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर ओमप्रकाश के सानिध्य में समस्त बालिकाओं को गार्गी पुरस्कार व अन्य प्रतिभागियों का मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता महेश कुमार सांखोलिया, मनोज कुमार सारस्वत, रश्मि महर्षि, सरीता शर्मा, रमेश खीचड़, रामकिशोर, लोहिता झाझड़िया, वरिष्ठ अध्यापक शिशपाल, आंनद सिंह, अनिता मीणा, प्रमोद कुमार ओए, अशोक जाट, मीनू कुमारी वर्मा, नानूराम, योगेश्वरी शर्मा, आरती शर्मा, रोशनी छींपा ऋषिका सहारण, योगिता पुरोहित, मोनिका बारूपाल, कंचन लता पुरोहित, रचना पारीक व अन्य स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रिखा राम तालणिया ने किया।

# 15 किलो 400 ग्राम गांजा जब्त कर तस्कर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कानोता थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 15 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा इंस्टाग्राम ट्रैप गैंग के पुराने मामले का भी खुलासा किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजय नैन ने बताया कि जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। जिसके चलते अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल के निर्देशन एवं सहायक पुलिस आयुक्त विनय कुमार डी. एच. के नेतृत्व में थानाधिकारी मुनिंदर सिंह की अगुवाई में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने साबरिया मोड़ स्थित बाबूलाल सैन की दुकान के पीछे खाली मैदान में दबिश देकर गांजे की तस्करी कर रहे आरोपी सूरज प्रजापत 33 निवासी कानोता को गिरफ्तार किया।

आरोपी के कब्जे से कुल 15 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी फिलहाल पुलिस रिमांड पर है। पुलिस गांजे की आपूर्ति के स्रोत एवं तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है। वहीं पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी एक ऐसे गिरोह से भी जुड़ा है, जो फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर लोगों से दोस्ती करता था। गिरोह सरकारी कर्मचारी या धनाढ्य व्यक्तियों को निशाना बनाता, प्रेमजाल में फंसाकर सुनसान मकान में बुलाता और वहां मारपीट कर लूट की वारदात को अंजाम देता था। इस संबंध में पूर्व में 14 अप्रैल 2025 को पीड़ित राजेश कुमार गौड़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसमें उसे इंस्टाग्राम के जरिए फंसाकर बंधक बनाकर मारपीट करने और एक लाख रुपये व लैपटॉप लूटने का आरोप लगाया गया था। इस मामले में ओमप्रकाश योगी उर्फ विक्की 25 एवं कुमारी अंशु जायसवाल 21 को पूर्व गिरफ्तार कर लिया था।

दोनों आरोपी पूर्व में भी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए गए हैं। इस कार्रवाई में कानोता थाना पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों की विशेष भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी एवं साइबर माध्यम से होने वाले अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी।

# हरी लकड़ी की अवैध तस्करी के खिलाफ कार्रवाई



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** हरी लकड़ी की अवैध तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। विभाग की टीम ने घेराबंदी कर हरियाणा ले जाई जा रही खेजड़ी की लकड़ियों से भरे दो वाहनों को जब्त किया है। यह पूरी कार्रवाई डीएफओ झुंझुनू काव्या और एसीएफ कमलचंद के निर्देशन में की गई। क्षेत्रीय वन रक्षक अधिकारी सुमन चौधरी के नेतृत्व में टीम ने सूचना मिलते ही नाकाबंदी कर तस्करों का पीछा किया और उन्हें धर दबोचा।

### दो वाहनों से 90 क्विंटल लकड़ी बरामद

वन विभाग की टीम ने चिड़ावा और पिलानी क्षेत्र से दो वाहनों को पकड़ा। जिसमें एक ट्रक में करीब 50-60 क्विंटल खेजड़ी की लकड़ी थी। दूसरे वाहन पिकअप से लगभग 30 क्विंटल अवैध लकड़ी बरामद की गई। यह लकड़ियाँ अवैध रूप से काटकर बेचने के उद्देश्य से हरियाणा ले जाई जा रही थीं।

### ये रहे टीम के मुख्य सदस्य

इस ऑपरेशन में वन विभाग की पूरी टीम ने मुस्तैदी दिखाई। टीम में क्षेत्रीय वन रक्षक अधिकारी सुमन चौधरी के साथ कविता, लक्ष्मी, कल्पना नूनिया, सुलोचना और सुशीला रणवा, सुधीर भाड़िया और मुकेश नूनिया, प्रकाश और आनंद बुडानिया शामिल थे।

### कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

क्षेत्रीय वन रक्षक अधिकारी सुमन चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटाई और अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने वाले लकड़ी माफियाओं को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा।

# पांचवा वार्षिकोत्सव आज

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड दस खटीकान मोहल्ले में स्थित चौगानन माता मंदिर का पांचवा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। वार्डवासी व माता के भक्त नंदकिशोर बड़गुजर ने बताया कि मंदिर परिसर में शनिवार सांय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। वहीं रविवार सुबह 9 बजे से सांय तक भंडारे का आयोजन होगा जिसमें श्रद्धालुओं प्रसाद वितरित किया जाएगा।

# महिला सशक्तिकरण और साहित्य पर चर्चा के साथ जयपुर एजुकेशन समिट आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** शिक्षा, समाज और समकालीन मुद्दों पर राष्ट्रीय विमर्श को मंच देने वाला जयपुर एजुकेशन समिट जेईएस अपने सातवें संस्करण के साथ एक बार फिर वैचारिक और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का सशक्त उदाहरण बना। समापन दिवस का मुख्य आकर्षण रहा सत्र सच में हो रहा महिला सशक्तिकरण या सिर्फ है। टैग, जिसमें तिलोनिया मॉडल गांव से जुड़ी सामाजिक कार्यकर्ता नौरोती देवी, कमला मेघवंशी और डॉ. श्रद्धा आर्य ने जमीनी हकीकत और सोशल मीडिया आधारित सशक्तिकरण के अंतर पर गहन विमर्श किया। वक्ताओं ने कहा कि असली सशक्तिकरण आंकड़ों और पोस्ट से नहीं, बल्कि गांवों की महिलाओं के जीवन में आए वास्तविक बदलाव से मापा जाना चाहिए। इस अवसर पर हॉलिस्टिक लाइफकोच राजेश्वरी ने भी जीवन मूल्यों और आत्मनिर्भरता पर उपयोगी लाइफ टिप्स साझा किए। इस अवसर पर सेंट जेवियर्स स्कूल नेवटा के प्रिंसिपल फादर संगीत राज, मुख्य आयोजक सुनील नारनौलिया, क्रेडेंट टीवी की टीम मानसी वर्मा, प्राप्ति, कुबेर भाटी, राज नारनौलिया उपस्थित रहे। समिट के सेंट जेवियर्स स्कूल नेवटा के प्रिंसिपल और सह आयोजक फादर संगीत राज एसजे ने कहा, जयपुर एजुकेशन समिट का उद्देश्य केवल संवाद करना नहीं, बल्कि समाज को सोचने की दिशा देना है। अगला संस्करण और अधिक व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें ग्रामीण शिक्षा, डिजिटल असमानता और रोजगारपरक शिक्षा जैसे मुद्दों को विशेष फोकस में रखा जाएगा। समापन दिवस का दूसरा महत्वपूर्ण सत्र रहा क्या टिक-टॉक के युग में साहित्य अभी भी प्रासंगिक है। इस सत्र में एएसपी सुनील प्रसाद शर्मा, लेखक मनोज वार्ष्णेय और कवि-लेखक अनुराग वाजपेयी ने साहित्य की भूमिका पर सार्थक संवाद किया। वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल दौर में भले ही कंटेंट का स्वरूप बदला हो, लेकिन साहित्य आज भी समाज को सोचने, सवाल उठाने और संवेदनशील बनाने का माध्यम बना हुआ है। इसके अतिरिक्त विभिन्न विचारोत्तेजक सत्रों में समाज, जीवन और आध्यात्म से जुड़े विषयों पर संवाद हुआ। आवाज में असर, शब्दों में वजन सत्र में डॉ. फिरोज खान के साथ बातचीत करते हुए इकराम राजस्थानी, रेशमा खान और नेकी राम आर्य ने संवाद की शक्ति और भाषा की जिम्मेदारी पर विचार रखे।

# शीतलहर से कांपता शेखावाटी

मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** शनिवार को शेखावाटी अंचल में सर्द हवाओं ने कड़ाके की ठंड बढ़ा दी, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हुआ। सुबह न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि दोपहर में अधिकतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस रहा। दिनभर सूर्य अधिकतर समय बादलों के पीछे छिपा रहा, जिससे ठंड का प्रकोप और बढ़ गया। आम जनता ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों में सिमटी रही और घरों से बाहर निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। घने कोहरे और सर्द मौसम के कारण आवागमन के साधनों में सामान्य दिनों की तुलना में भीड़ कम देखी गई। लोग गैर-जरूरी यात्राओं से बचते रहे जबकि सड़कों पर वाहनों का आवागमन भी सीमित रहा।

# स्वतंत्रता सेनानी सत्यदेव पेट्रोल पंप का शुभारंभ



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** पिलानी रोड स्थित विजय गैस एजेंसी के पास स्वतंत्रता सेनानी सत्यदेव कुल्हार पेट्रोल पंप का शुभारंभ हुआ। एचपीसीएल के सेल्स ऑफिसर अभिषेक करमानी, गीतांजली ज्वेलर्स के प्रबंध निदेशक शिवकरण जानू, पूर्व विधायक नंदकिशोर महरिया, समाजसेवी शीशराम हलवाई, पूर्व डीईओ अमरसिंह पचार एवं सीए रोहित चौधरी ने पेट्रोल पंप का विधिवत उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय वन अधिकारी ओमप्रकाश पायल, डॉ. महेंद्र सिंह, रणधीर पूनिया, महेंद्र सिंह कुल्हार, सुनील पचार, पूर्व सीबीईओ महेंद्रसिंह भालोठिया, रामसिंह नेहरा, प्रधानाचार्य राजवीर सिंह डूडी उपस्थित रहे। पेट्रोल पंप संचालक विजय सिंह कुल्हार, अशोक कुल्हार, विरेंद्र सिंह, संजय कुल्हार, कपिल कुल्हार, अनिता कुल्हार, सुनीता कुल्हार, सजना जानू, पूनम कुल्हार, अंजना कुल्हार, डिम्पल कुल्हार आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

# ज्ञान भारतम् मिशन निदेशक ने किया विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान का निरीक्षण

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत संचालित ज्ञान भारतम् मिशन के निदेशक इन्दजीत सिंह ने जयपुर स्थित विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान का औपचारिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान की कार्यप्रणाली तथा पाण्डुलिपि संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े विभिन्न प्रकल्पों का अवलोकन कर उनकी सराहना की। निरीक्षण के दौरान निदेशक इन्दजीत सिंह ने कहा कि विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान, ज्ञान भारतम् मिशन के क्लस्टर सेंटर के रूप में उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। संस्थान द्वारा पाण्डुलिपियों के सर्वेक्षण, सूचीकरण, डिजिटलीकरण और संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास राष्ट्रीय सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। निरीक्षण दल में निदेशक के साथ शिशिर पाढ़ी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आर्काइव निदेशक चन्द्रसेन शेखावत ने पाण्डुलिपि संरक्षण व संवर्धन को और अधिक प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। संस्थान के उपाध्यक्ष एवं समन्वयक महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी ने संस्थान की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि शोध संस्थान लंबे समय से पाण्डुलिपि संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है तथा ज्ञान भारतम् मिशन से जुड़ने के बाद इस कार्य को और व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर राजस्थान पाण्डुलिपि समन्वयक डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने राजस्थान में प्रस्तावित पाण्डुलिपि कार्ययोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। इसमें सर्वेक्षण प्रक्रिया, डिजिटलीकरण की रणनीति तथा राज्यभर में संरक्षण नेटवर्क को सशक्त बनाने की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। अंत में निदेशक इन्दजीत सिंह ने संस्थान की टीम को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान, ज्ञान भारतम् मिशन के उद्देश्यों को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।

# दशहरा मैदान में होगा 251 कुंडीय गौ रक्षा महायज्ञ



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के आदर्श स्थित दशहरा मैदान में एक मार्च को 251 कुंडीय गौरक्षा महायज्ञ, गौ-संकीर्तन, फाग उत्सव एवं फलों की होली होली के रंग गौ माता के संग का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एवं प्रसिद्ध समाजसेवी रवि नैय्यर ने बताया कि दशहरा मैदान आदर्श नगर जयपुर में आयोजित होने वाले इस महायज्ञ में 251 कुंडीय गौरक्षा महायज्ञ के यड़ा के संयोजक जीववर्धन शास्त्री होंगे तथा गौ सेवा परिवार समिति के अध्यक्ष चंपालाल चौधरी गौ-संकीर्तन करेंगे। वहीं वैदिक विद्वान आचार्य डॉ. योगेंद्र याज्ञिक अंतर्राष्ट्रीय वैदिक विद्वान गुरुकुल नर्मदापुरम होशंगाबाद यज्ञ के ब्रह्मा होंगे। इसके साथ ही पाकिस्तान से निर्वासित एवं भारत की नागरिकता ग्रहण कर चुके 11 जोड़े तथा बांसवाड़ा क्षेत्र के 51 आदिवासी परिवार भी सम्मिलित होंगे। जो घर वापसी कर सनातन धर्म की मुख्य धारा से जुड़े हैं। इसके अलावा विभिन्न संगठनों के 3 हजार 100 यजमान हवन में आहुति देंगे तथा लगभग 20 हजार लोग गौ-संकीर्तन समारोह, गो-पूजन एवं गोवृत्ति प्रसादी ग्रहण करेंगे। नैय्यर ने बताया कि 26 फरवरी को कार्यक्रम स्थल पर गौशाला की मिट्टी द्वारा हवन कुंडों का लेपन किया जाएगा और इस आयोजन के बारे में जनसाधारण को प्रेरित करने के लिए 27 फरवरी 2026 को वाहन रैली निकाली जाएगी। 28 फरवरी को आयोजन स्थल पर मेहंदी एवं संगीत का कार्यक्रम रहेगा। यज्ञ में 108000 आहुतियों दी जाएँगी और इस अवसर पर गो रक्षा के संकल्प को भी साकार होता दृश्य उपस्थित होगा। आचार्य जीववर्धन शास्त्री ने कहा कि धरती की रक्षा गौ व यड़ा से ही संभव है।

# रुक्मणी मंगल कथा का शुभारंभ

निसं

तारानगर (नवयत्न)। तहसील के ग्राम बुचावास स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास ठाकुर जी के मंदिर में चल रही श्री रुक्मणी मंगल कथा का प्रथम दिवस श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रकाश चंद्र महाराज द्वारा किया जा रहा है। कथा के पहले दिन मंदिर प्रांगण भक्तों से खचाखच भरा रहा। श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणी के दिव्य विवाह प्रसंग का रसपान करते दिखाई दिए। कथा के दौरान भजनों और मधुर वाणी से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कथावाचक प्रकाश चंद्र महाराज ने रुक्मणी जी की अटूट भक्ति, प्रेम और श्रीकृष्ण के प्रति उनके समर्पण का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सच्ची श्रद्धा और विश्वास से भगवान अवश्य प्रसन्न होते हैं। कार्यक्रम के अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया। ।

# ब्रह्मपुरी फायरिंग मामला : बदमाशों की मदद करने वाला आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 19 जनवरी को हुई फायरिंग के मामले में कार्रवाई करते हुए वारदात में सहयोग करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मुख्य बदमाशों को अपनी मोटरसाइकिल और रुपये देकर वारदात व फरारी में मदद की थी। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि 19 जनवरी 2026 को परिवादी रतन लाल कोली महावर 63 निवासी गांगापोल ब्रह्मपुरी ने मामला दर्ज करवाया था कि आरोपित रवि मेहरा अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल से परिवादी के घर के बाहर आया और जान से मारने की नीयत से उसके बबलू पर गोली चला दी। गोली बबलू की जांघ में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में थाना ब्रह्मपुरी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। वहीं इस मामले की गंभीरता को देखते हुए ब्रह्मपुरी थाना पुलिस व डीएसटी जयपुर उत्तर की संयुक्त विशेष टीमें गठित की गईं। टीम ने तकनीकी सहायता और सूचनाओं के आधार पर जांच में सामने आया कि वारदात में रवि मेहरा व राहुल टांरटिया शामिल थे। जबकि इनके सहयोगी विकास प्रजापत ने अपनी मोटरसाइकिल और रुपये देकर बदमाशों को सहयोग किया। संयुक्त पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए विकास प्रजापत 25 निवासी नाहरगढ़ रोड जयपुर को गिरफ्तार किया गया। वहीं अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने मुख्य आरोपी रवि मेहरा और राहुल टांरटिया पर 10-10 हजार रुपये का नकद इनाम घोषित किया है। इधर मुख्य आरोपी रवि मेहरा के गांगा पोल स्थित मकान के अवैध निर्माण को नगर निगम ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से 23 जनवरी 2026 को ध्वस्त कर दिया गया था।

# अवॉर्ड सेरेमनी एवं मोटिवेशनल सेमिनार आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर-बीकानेर बाईपास, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी में अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्री-बोर्ड, एसटीएसईए सीयूईटीए जेट, क्लैट एवं सीए फाउंडेशन टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार, प्रशस्ति-पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रिंस, जुहब मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढ़िल्लन ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि एक विद्यार्थी का भविष्य उसके आसपास के वातावरण व मित्रों की संगति पर निर्भर होता है। प्रेरक परिवेश में सकारात्मक सोच एवं अनुशासित जीवनशैली के साथ मेहनत करके विद्यार्थी अपने इच्छित लक्ष्य तक पहुंच सकता है। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक एम. आर. अग्रवाल, प्रिंसिपल पूनम चौहान, एकेडमिक हेड धर्मपाल सिंह, कोर्डिनेटर्स व फैकल्टी मेंबर्स सहित हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को संगम स्नान से रोके जाने और साधु-संतों से मारपीट को लेकर रोष

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज संगम में ज्योतिष्पीठ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को संगम स्नान से रोके जाने तथा साधु-संतों के साथ कथित मारपीट की घटना को लेकर रोष बढ़ता ही जा रहा है। इस प्रकरण के विरोध में गौमाता राष्ट्र माता अभियान एवं गो-संसद से जुड़े पदाधिकारियों ने शनिवार को जवाहर कला केन्द्र में बैठक कर इसे सनातन धर्म का अपमान और संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों का खुला उल्लंघन बताया। गौमाता राष्ट्रमाता अभियान एवं गौ संसद के पदाधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि इस पूरे प्रकरण में शीघ्र सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी गई, तो 27 जनवरी को सुबह नौ बजे गोविंद देवजी मंदिर से कलेक्ट्रेट तक साधु-संतों एवं आमजन को साथ लेकर प्रतिकार यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 12 बजे जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे घटनाक्रम में हस्तक्षेप की मांग की जाएगी। गौमाता राष्ट्रमाता अभियान के प्रभारी एवं गौ सेवादिश: पश्चिम भारत बाबूलाल जांगिड ने कहा कि शंकराचार्य कोई राजनीतिक पदाधिकारी नहीं, बल्कि एक प्राचीन सनातन मठ के पीठाधीश्वर हैं। उन्हें बिना किसी लिखित आदेश, निषेधाज्ञा अथवा स्पष्ट कारण के संगम स्नान से रोकना पूरी तरह मनमाना और असंवैधानिक है। यह घटना किसी एक व्यक्ति से नहीं, बल्कि सनातन परंपरा के सम्मान से जुड़ा विषय है। गो-संसद के प्रदेश सह प्रभारी, राजस्थान ताराचंद कोठारी ने बताया कि प्रशासन ने प्रोटोकॉल और भीड़ के खतरे का हवाला देकर शंकराचार्य जी को संगम क्षेत्र में प्रवेश से रोकाए जबकि उपलब्ध वीडियो फुटेज एवं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उस समय वहां कोई असामान्य भीड़ नहीं थी। उसी दौरान अन्य धार्मिक समूहों को संगम स्नान की अनुमति दी गई। गो-संसद के प्रदेश सह सचिव, राजस्थान देवकीनंदन पुरोहित ने कहा कि शंकराचार्य जी को एक समय पर अकेला छोड़ दिया गया तथा बिना वर्दी वाले अज्ञात लोगों द्वारा घेरकर किसी अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। यह संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्रदत्त व्यक्तिगत स्वतंत्रता एवं गरिमा का गंभीर उल्लंघन है।

जयपुर गौ सांसद सुरेंद्र सिंह अचलपुरा बताया कि शंकराचार्य जी के शिष्यों-जिनमें महिलाएं, वृद्ध एवं नाबालिग शामिल थे के साथ दुर्व्यवहार और बल प्रयोग किया गया। प्रेस वार्ता में गो-संसद के प्रतिनिधियों ने वीडियो साक्ष्यों का हवाला देते हुए कहा कि एक वर्दीधारी पुलिसकर्मी द्वारा एक साधु की चोटी पकड़कर उन्हें जमीन पर घसीटते हुए मारपीट किए जाने के दृश्य स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने 700 किलो मिलावटी पनीर कराया नष्ट



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश में आमजन को मिलावट रहित शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जयपुर में 700 किलो मिलावटी पनीर पकड़ा गया। जिसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया। खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला ने बताया कि केंद्रीय दल के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने भट्टा बस्ती, शास्त्री नगर स्थित मेसर्स बरसाना पनीर भंडार के गोदाम पर निरीक्षण की कार्रवाई की। यहां 700 किलोग्राम मिलावट पनीर पकड़ा गया, जिसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया। मिलावटी पनीर का एक नमूना एक्ट के तहत लिया गया। बरसाना पनीर भंडार के मालिक मुस्ताक से मिली जानकारी के अनुसार अलवर से यह पनीर मंगा कर जयपुर के खुदरा पनीर विक्रेताओं को 200-220 के भाव से बेचा जाता जाता है। पनीर मालिक ने स्वयं पनीर के मिलावटी होने की पुष्टि की। कार्रवाई करने वाली टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह, लोकेश शर्मा एवं विनोद कुमार शर्मा शामिल रहे।

## सम्पादकीय

# ट्रंप की निजी जागीर बोर्ड ऑफ पीस का नियंत्रण कनाडा से लिया वापस




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी ओर से गठित बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने का निमंत्रण कनाडा से जिस तरह वापस लिया, वह उनके अस्थिर और मनमाने व्यवहार का ताजा उदाहरण है। इस बोर्ड के गठन का उद्देश्य इजरायली हमले में तबाह हुए गाजा का विकास करना है। ट्रंप ने करीब 60 देशों को इसमें शामिल होने का निमंत्रण दिया था, जिनमें भारत भी है।

पिछले दिनों दावोस में उन्होंने 19 देशों के साथ इस बोर्ड की औपचारिक शुरुआत भी कर दी, लेकिन उसके कुछ ही घंटों बाद कनाडा को उससे बाहर भी कर दिया। ट्रंप ने यह फैसला कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के दावोस में ही दिए गए उस संबोधन से खफा होकर लिया, जिसमें उन्होंने महाशक्तियों की मनमानी की पोल खोलते हुए अमेरिका को खास तौर पर खरी-खरी सुनाई थी। इस संबोधन ने इसलिए दुनिया भर का ध्यान खींचा, क्योंकि इसमें यह साफ कहा गया था कि अमेरिका जैसे शक्तिशाली देशों की ओर से बनाई गई नियम आधारित विश्व व्यवस्था आंशिक रूप से झूठी थी।

कार्नी का यह भी कहना था कि जब अमेरिका मनमानी कर रहा है, तब अन्य देशों को एकजुट होना होगा। स्पष्ट है कि ट्रंप को यह रास नहीं आया। वे उनसे इसलिए भी चिढ़े हुए हैं, क्योंकि उन्होंने चीन से संबंध सुधारने की पहल की है।

ट्रंप ने जिस तरह कनाडा को बोर्ड ऑफ पीस से बाहर किया, उससे इसकी ही पुष्टि होती है कि यह निकाय उनकी निजी जागीर है और इसे वह मनमाने तरीके से ही चलाने वाले हैं। वे इसके जरिये कथित तौर पर केवल गाजा का ही विकास करने की बातें नहीं कर रहे हैं, बल्कि अन्य संघर्षों से निपटने के लिए भी इसका इस्तेमाल करने के संकेत दे रहे हैं। आखिर जो काम संयुक्त राष्ट्र को करना चाहिए, उसे ट्रंप अपनी आजीवन अध्यक्षता वाले बोर्ड से क्यों करना चाहते हैं? चूंकि वे ऐसे ही इरादे जता रहे हैं, इसलिए इस बोर्ड से अधिकांश प्रमुख देशों ने दूरी बना रखी है। यह एक तरह से ट्रंप को दी जाने वाली चुनौती है। फिलहाल भारत भी बोर्ड ऑफ पीस से दूर है। यह ठीक भी है, क्योंकि इसमें वह पाकिस्तान भी शामिल है, जो आतंकवाद के साथ उस हमास का भी समर्थक है, जिसने इजरायल पर भीषण आतंकी हमला किया था। इस हमले के जवाब में ही इजरायल ने गाजा में विध्वंसक कार्रवाई की। चिंताजनक केवल यह नहीं है कि ट्रंप अंतरराष्ट्रीय नियमों की धज्जियां उड़ाने के साथ संयुक्त राष्ट्र समेत अन्य वैश्विक संस्थाओं से अमेरिका को अलग करते जा रहे हैं, बल्कि यह भी है कि वे बोर्ड ऑफ पीस सहित अपनी कई पहलों से यह जता रहे हैं कि दुनिया उनके हिसाब से ही चले। इसी कारण उनकी साख रसातल में है और उनके प्रति संशय बढ़ता जा रहा है।

## विशेष आलेख

# वैश्विक स्तर पर युद्ध के बदलते स्वरूप

21वीं सदी में शक्ति संघर्ष का स्वरूप बहुत तेजी से बदल रहा है। अब विभिन्न देशों के बीच संघर्ष, तोप, मिसाइल एवं सेनाओं के माध्यम से नहीं लड़े जा रहे हैं बल्कि तकनीकि उपलब्धता, मुद्रा नियंत्रण, पूंजी प्रवाह, खाद्य सुरक्षा, आकड़ों (डेटा) का संग्रहण, नियम निर्माण को प्रभावित करने की क्षमता एवं वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित करना, आदि में माध्यम से लड़ा जा रहा है। यह एक ऐसा बहुपरत, निरंतर संस्थागत एवं सूक्ष्म युद्ध का स्वरूप है जो राष्ट्र की आर्थिक सामरिक स्वायत्तता को बिना पारम्परिक लड़ाई के नष्ट करने की क्षमता रखता है। यह युद्ध वैश्विक बाजारी शक्तियों अर्थात बहुराष्ट्रीय कम्पनियों, वॉल स्ट्रीट पर आधारित वित्तीय नेट्वर्क, डॉलर आधारित भुगतान प्रणाली, अंतरराष्ट्रीय संस्थानों (विश्व व्यापार संगठन, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक), रेटिंग संस्थानों, बड़े तकनीकि संस्थानों एवं निजी सैन्य परामर्श समूहों द्वारा मिलकर संचालित किया जा रहा है। यह युद्ध एक प्रणाली है एवं यह एक घटना नहीं है।



व्यवस्थित तरीके से लड़े जाने वाले उक्त वर्णित युद्ध में रणनीतिक तंत्र का उपयोग किया जाता है। इस तंत्र के माध्यम से वैश्विक बाजारवादी शक्तियां मिलकर किसी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था, नीति संरचना, मुद्रा, पूंजी प्रवाह, तकनीकि, आपूर्ति श्रृंखला, खाद्य सुरक्षा एवं सामाजिक धारणा पर लम्बे समय तक अपना प्रभाव एवं नियंत्रण स्थापित कर लेती हैं। यह युद्ध अदृश्य रूप से चलता है एवं किसी को प्रत्यक्ष रूप से दिखाई नहीं देता है। यह युद्ध विभिन्न संस्थानों के माध्यम से लड़ा जाता है एवं इस युद्ध के माध्यम से किसी भी देश की शासन व्यवस्था को भी परिवर्तित किया जा सकता है। हाल ही के समय में उक्त वर्णित अदृश्य युद्ध के माध्यम से बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका आदि देशों में सत्ता परिवर्तन किया गया है। भारत में भी इस तरह के प्रयोग अदृश्य रूप से किए जा रहे हैं परंतु भारतीय नागरिकों पर इस चाल को अभी तक कोई असर नहीं हुआ है क्योंकि भारत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे सामाजिक संगठन नागरिकों के बीच अपनी प्रभावी भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत को कम करने के भरसक प्रयास हो रहे हैं। भारतीय शेयर बाजार से विदेशी निवेशकों द्वारा भारी मात्रा में अपना निवेश लगातार निकाला जा रहा है जिससे अमेरिकी डॉलर का भारत से बाहर प्रवाह भारी मात्रा में हो रहा है और भारतीय रुपए पर दबाव बन रहा है। भारत में विभिन्न उत्पादों के होने वाले आयात महंगे हो रहे हैं इससे अंततः भारत में मुद्रा स्फीति की दर में वृद्धि हो सकती है और भारत के नागरिकों में वर्तमान सत्ता के विरुद्ध असंतोष का भाव जाग सकता है। परंतु केंद्र सरकार की नीतियों के चलते अभी तक मुद्रा स्फीति की वृद्धि दर पर नियंत्रण बनाए रखने में सफलता मिली है एवं भारतीय खुदरा निवेशकों, म्यूचूअल फण्ड एवं देशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में पर्याप्त मात्रा में अपना निवेश बढ़ाया है इससे भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट को सफलतापूर्वक रोका जा सका है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा फेड रेट (अमेरिकी ब्याज दर) में वृद्धि करने से भी अमेरिकी डॉलर अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत होता है क्योंकि अमेरिका में ब्याज दरों में वृद्धि होने से वैश्विक स्तर पर आर्थिक क्षेत्र में उभर रही अर्थव्यवस्थाओं से अमेरिकी डॉलर का निवेश निकल कर अमेरिका की ओर आकर्षित होने लगता है। इससे भी इन देशों की मुद्राओं पर दबाव निर्मित होने लगता है। अतः ब्याज दरों में वृद्धि को भी एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। तीसरे हथियार के रूप में किसी भी देश की मुद्रा को स्ङ्खद्बस्नञ्ज जैसे भुगतान नेट्वर्क से अलग कर दिया जाना है। इस निर्णय से सम्बंधित देश की मुद्रा का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लेनदेन विपरीत रूप से प्रभावित होने लगता है। जैसे रूस की मुद्रा रूबल के साथ हाल ही के समय में हुआ था। उक्त समस्त निर्णयों से किसी भी देश की मुद्रा को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोर किया जा सकता है इससे उस देश में उत्पादों के आयात महंगे हो सकते हैं, उस देश पर विदेशी कर्ज का भार बढ़ सकता है एवं उस देश का आर्थिक विकास प्रतिबंधित हो सकता है। यह युद्ध संरचनात्मक अधीनता पैदा करता है।

इसी तरह का दबाव कुछ देशों पर तब डाला जाता है जब वे किसी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान (विश्व बैंक, अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष, रेटिंग संस्थान) से ऋण लेने का प्रयास करते हैं। इन संस्थानों द्वारा इन देशों पर टैक्स की दरें बढ़ाने, अपने खर्चों पर नियंत्रण स्थापित करने, राजस्व सम्बंधी निर्णयों पर अपनी नीति थोपने, उस देश के ऊर्जा, बंदरगाह एवं खनन क्षेत्रों का निजीकरण करने के प्रयास करना एवं इसके मध्यम से उस देश में चुपचाप शासन परिवर्तन के प्रयास करना भी शामिल हैं। इन संस्थानों से कर्ज लेना आधुनिक गुलामी का सबसे व्यवस्थित मॉडल बन पड़ा है। इसके साथ ही, विभिन्न देशों के साथ व्यापार युद्ध भी छेड़ा जाता है। जैसे, अमेरिका द्वारा ब्रिक्स (भारत, चीन, रूस, ब्राजील) पर 500 प्रतिशत का टैरिफ लगाने के प्रयास करना भी इन देशों के विरुद्ध एक शद्म युद्ध छेड़ने जैसा ही निर्णय है। इन्हीं उपायों में कुछ देशों को निर्यात प्रतिबंधित करना भी इसी नीति का एक हिस्सा है। जैसे, अमेरिका एवं चीन द्वारा अन्य देशों को सेमीकंडक्टर, चिप एवं 5त्र के उपकरण के निर्यात करने पर रोक लगाई गई थी ताकि प्रभावित किये जाने वाले देशों में इन तकनीकी का उपयोग असम्भव हो सके और इन देशों का विकास रुक जाए। इसी प्रकार के प्रयासों में किसी देश के कृषि क्षेत्र की नीतियों को प्रभावित कर उस देश में खाद्य पदार्थों की उपलब्धता को कम करना भी शामिल है ताकि उस देश के नागरिक अपने देश की सरकार के खिलाफ उठ खड़े हों। जैसे हाल ही में अमेरिका द्वारा भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते को सम्पन्न करने के लिए भारत पर दबाव बनाया जा रहा है कि भारत अपने कृषि एवं डेयरी क्षेत्र को अमेरिकी उत्पादों के लिए खोल दे। इससे अमेरिकी उत्पाद सस्ती दरों पर भारत में उपलब्ध हो जाएंगे एवं भारत के किसानों द्वारा उत्पादित खाद्य पदार्थ सस्ते अमेरिकी उत्पादों की स्पर्धा में टिक नहीं पाएंगे। इससे भारतीय कृषि एवं डेयरी क्षेत्र बर्बादी के कगार पर पहुंच जाएगा और भारतीय किसान, सरकार के विरुद्ध उठ खड़ा होगा। कुल मिलाकर इस तरह के प्रयास उभरती अर्थव्यवस्थाओं की उत्पादन क्षमता प्रभावित करने के लिए भी किए जाते हैं ताकि यह देश विभिन्न उत्पादों का उत्पादन अपने देश में नहीं कर सकें एवं इसके लिए अन्य देशों से आयात पर इनकी निर्भरता बढ़ जाए।

प्रौद्योगिकी क्षेत्र को प्रभावित करते हुए भी कुछ देश उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं को दबाव में लाने का प्रयास करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दरअसल, तकनीकी आज का नया परमाणु हथियार है। आरटीफिशीयल इंटेलिजेन्स, क्वांटम, सेमीकंडक्टर, साइबर आदि भी आज, युद्ध के क्षेत्र बन चुके हैं। अमेरिका ने चीन को किए जाने वाले चिप के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, इससे जिन उत्पादों के निर्माण में चिप का प्रयोग होता है उन उद्योगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इसी प्रकार, अमेरिका द्वारा भारत पर डाटा नियंत्रण हेतु दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

पैटेंट एवं लायसेंसिंग पर नियंत्रण एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की बड़ी कम्पनियों द्वारा नागरिक डाटा का दुरुपयोग किया जाना भी इसी युद्ध कला का एक हिस्सा है। पूरे विश्व में फैली कोविड महामारी के पश्चात वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला एक भूराजनैतिक हथियार बन चुकी है। उदाहरण के लिए फार्मा क्षेत्र में उपयोग होने वाले कच्चे माल को चीन नियंत्रित करता है। इसी प्रकार, मूल्यवान खनिज पदार्थों के 90 प्रतिशत भाग के उत्पादन पर चीन का कब्जा है।

खाद्य तेल की आपूर्ति पर बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का नियंत्रण है। समुद्री मार्गों पर कुछ देशों का कब्जा है, जो कई बार इस सम्बंध में अंतरराष्ट्रीय कानूनों को मानने से इंकार कर देते हैं। इस तरह के व्यवहार से तेजी से विकास कर रही अर्थव्यवस्थाएं निर्भरता की कैद में धकेल दी जाती हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

### वृष
किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

### मिथुन
भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

### कर्क
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

### सिंह
घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

### कन्या
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

### तुला
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

### वृश्चिक
स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### धनु
पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

### मकर
दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### कुंभ
यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

### मीन
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# खाली पेट करें आवंला पाउडर और शहद का सेवन, शरीर को मिलेंगे जबरदस्त फायदे

पेट और पाचन तंत्र को मजबूत बनाए रखने से लेकर शरीर की कई गंभीर परेशानियों को दूर करने के लिए आंवले का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। आंवला में मौजूद गुण और पोषक तत्व कई गंभीर बीमारियों में भी फायदेमंद होते हैं। यही कारण है कि आयुर्वेद में आंवला का इस्तेमाल औषधि के रूप में किया जाता है। आंवले के साथ शहद का सेवन करने से कई गुना ज्यादा फायदे मिलते हैं। शहद में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण शरीर को हेल्दी रखने में मदद करते हैं। शहद में मौजूद आयरन और आंवले में मौजूद विटामिन सी कई गंभीर परेशानियों में रामबाण होते हैं।



### इम्यून सिस्टम को बनाए मजबूत
इम्यून सिस्टम कमजोर होने से आप जल्दी बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। इसकी वजह से आपको सर्दी-खांसी, जुकाम आदि का संक्रमण बहुत जल्दी हो सकता है। आंवला में विटामिन सी की मात्रा होती है और शहद में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण पाए जाते हैं। इन दोनों का एक साथ सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत होती है।

### ब्लड शुगर कंट्रोल करने में फायदेमंद
ब्लड शुगर कंट्रोल करने के लिए आंवला और शहद का एक साथ सेवन करना फायदेमंद माना जाता है। इसका सेवन करने से डायबिटीज में फायदा मिलता है और इंसुलिन लेवल को ठीक रखने में मदद मिलती है।

### स्किन को रखे जवान
आंवला और शहद का एक साथ सेवन करने से स्किन से जुड़ी समस्याओं को कम करने में फायदा मिलता है। इसका सेवन करने से स्किन यंग और ग्लोइंग दिखती है।

### पाचन तंत्र के लिए रामबाण
आंवला और शहद का एक साथ सेवन करने से पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याओं में बहुत फायदा मिलता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से अपच, कब्ज, पेट में गैस, ब्लोटिंग जैसी समस्याओं में बहुत फायदा मिलता है।

### सर्दी-खांसी दूर करने में फायदेमंद
सर्दी-खांसी समेत कई तरह के इन्फेक्शन से लड़ने में आंवला और शहद का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसका नियमित रूप से दो बार सेवन करने से सर्दी-खांसी से छुटकारा मिलता है।

# चेहरे पर आलू के रस में मिलाकर लगाएं हल्दी और बेसन, दूर होंगी कई समस्याएं

आलू स्वाद के साथ ही पोषक तत्वों से भी भरपूर होता है। आलू को सभी तरह की सब्जी के साथ मिक्स करके बनाया जा सकता है। कई लोग आलू का उपयोग आंखों के नीचे हुए काले घेरों को दूर करने के लिए करते हैं। इतना ही नहीं, आलू त्वचा के दाग-धब्बों से भी छुटकारा दिलाने में असरदार होता है। अगर आप अपने चेहरे पर आलू का रस लगाएंगे, तो इससे तमाम समस्याओं से निजात मिल सकता है। आप चाहें तो आलू के रस को सीधे तौर पर चेहरे पर लगा सकते हैं। या फिर आप आलू के रस में हल्दी और बेसन मिक्स करके भी अपने चेहरे पर लगा सकते हैं।



### डार्क सर्कल्स से छुटकारा दिलाए
अगर आप डार्क सर्कल्स से परेशान हैं, तो आलू के रस में हल्दी और बेसन मिक्स करके लगा सकते हैं। अक्सर लोग आलू के स्लाइस को आंखों पर रख देते हैं। इससे डार्क सर्कल्स रिमूव करने में मदद मिलती है। लेकिन आप हल्दी और बेसन मिलाकर भी लगा सकते हैं। इससे डार्क सर्कल्स से आसानी से छुटकारा मिल जाएगा। आलू का रस आंखों की सूजन को भी कम करने में मदद करता है। आप चाहें तो इसमें शहद भी मिक्स कर सकते हैं। इससे त्वचा मुलायम बनेगी।

### दाग-धब्बों से निजात दिलाए
कई लोग अपने चेहरे के दाग-धब्बों से परेशान रहते हैं। दाग-धब्बे चेहरे की खूबसूरती को खराब कर देते हैं। अगर आपके चेहरे पर भी दाग-धब्बे, सनटैनिंग या पिग्मेंटेशन हैं, तो आप दाग-धब्बों से छुटकारा पा सकते हैं। आलू के रस में विटामिन सी होता है, जो दाग-धब्बों को मिटाने में सहायक होता है। वहीं, हल्दी और बेसन में मौजूद गुण भी दाग-धब्बों से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं।

### डेड स्किन सेल्स रिमूव करे
डेड स्किन सेल्स को समय-समय पर निकालना बहुत जरूरी होता है। इससे त्वचा पर चमक बनी रहती है। इसके लिए आप 2-3 चम्मच आलू का रस लें। इसमें हल्दी, बेसन और चावल का आटा मिलाएं। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और 1-2 मिनट के लिए स्क्रब करें। इससे चेहरे पर जमा सारी मृत कोशिकाएं आसानी से निकल जाएंगी। साथ ही, ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स से भी छुटकारा मिलेगा।

### ऑयली स्किन की समस्या दूर करे
ऑयली स्किन से कई लोग परेशान रहते हैं। ऑयली स्किन पर मुंहासे ज्यादा देखने को मिलते हैं। इतना ही नहीं, ऑयली स्किन वाले लोग मेकअप भी सही तरीके से नहीं कर पाते हैं।

ऐसे में आप अपनी त्वचा की चिपचिपाहट को कम करने के लिए आलू के रस में हल्दी और बेसन मिलाकर सकते हैं। बेसन त्वचा से अतिरिक्त ऑयल को निकालने में मदद करता है। दरअसल, बेसन सीबम के उत्पादन को कम करता है, इससे त्वचा से एक्स्ट्रा ऑयल को कम करने में मदद मिलती है।

### एजिंग के लक्षणों को कम करे
एजिंग के लक्षणों को कम करने के लिए भी आप आलू के रस में हल्दी और बेसन मिक्स करके लगा सकते हैं। आलू का रस झुर्रियों और फाइन लाइंस को कम करने में असरदार होता है। आलू के रस में हल्दी और बेसन मिलाकर लगाने से रोमछिद्र टाइट होते हैं और त्वचा में कसाव बना रहता है। उम्र से पहले एजिंग को रोकने के लिए आलू के रस को इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है।

# मेनोपॉज के लक्षणों को कम करने के लिए डाइट में शामिल करें यह फूड्स

मेनोपॉज महिला के जीवन का अहम पड़ाव होता है। यह 45 से 50 साल की उम्र की महिला में होता है। इसमें शारीरिक परिवर्तन के साथ मानसिक तौर पर भी बदलाव होता है। इस समय महिला को अपना खास तौर पर ख्याल रखना चाहिए। मेनोपॉज होने से पहले महिला के शरीर में कई तरह के लक्षण नजर आते हैं जैसे तनाव, थकान, भूख कम लगना, रात को अधिक पसीना, मूड स्विंग और हड्डियां कमजोर होने लगना आदि। मेनोपॉज के लक्षण 1 से 2 साल पहले से ही दिखने शुरू हो सकते हैं। मेनोपॉज से गुजर रही महिला के शरीर में कमजोरी काफी हो जाती है। ऐसे में उन्हें अपनी डाइट का विशेष तौर पर ख्याल रखना चाहिए, जिससे महिला की शरीर की कमजोरी दूर हो और वह लंबे समय तक हेल्दी रह सकें। इन फूड्स के सेवन से मेनोपॉज में होने वाले लक्षण कम होते हैं और शरीर को ताकत भी मिलती है।

**सोया उत्पाद :** सोया उत्पाद शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। मेनोपॉज महिला का सोया उत्पाद से बनी चीजों का सेवन करना चाहिए। इसमें फाइटोएस्ट्रोजेन नामक तत्व होता है। मेनोपॉज के दौरान दौरान एस्ट्रोजन का स्तर कम हो जाता है। ऐसे में यह तत्व मेनोपॉज के लक्षणों को कम करने में मदद करता हैं। सोया उत्पाद के लिए सोया दूध, चंक या फिर इसकी सब्जी बना कर खाई जा सकती हैं।

**अलसी के बीज :** अलसी के बीज खाने से शरीर की कई समस्याएं दूर होती हैं। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे फाइबर, प्रोटीन, कैल्शियम, सोडियम और पोटेशियम पाया जाता हैं। इसके सेवन से मेनोपॉज के लक्षणों से राहत मिलती हैं। इसमें लिगनेन नामक तत्व पाया जाता है, जो हार्ट को हेल्दी रखता है। अलसी के बीज को दही, दलिया, या सलाद पर डालकर खा सकते हैं।

**मछली :** फैटी फिश शरीर के लिए फायदेमंद होती है। इसमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड की मात्रा अधिक होती है, जो सूजन को कम करने और मूड को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है। यह मछली खाने से जोड़ों में दर्द की समस्या से राहत मिलती है और हार्ट भी हेल्दी रहता है। इसे ग्रिल करके खाया जा सकता है।

**हरी पत्तेदार सब्जियां :** मेनोपॉज के दौरान महिला के शरीर में कमजोरी आ जाती है। ऐसे में डाइट में पालक, केल, बींस और गोभी को शामिल करें।

**साबुत अनाज :** साबुत अनाज शरीर के लिए फायदेमंद होता है। डाइट में ब्राउन राइस, क्विनोआ और ओट्स को शामिल करें। इनमें फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, जो वजन को कंट्रोल करने के साथ पाचन संबंधी समस्याओं को कम करने में मदद करता है। साबुत अनाज के सेवन से शरीर को ताकत मिलती है।

# बेलगाम रफ्तार का कहर थार की टक्कर से युवक की मौत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जालूपुरा थाना इलाके में शनिवार दोपहर तेज रफ्तार थार जीप ने पहले एक युवती को टक्कर मारी और फिर बाइक सवार युवक को कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद थार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। एक्सीडेंट थाना उत्तर के हेड कांस्टेबल राजेन्द्र ने बताया कि यह हादसा शनिवार दोपहर करीब 12:45 बजे जयंती मार्केट स्थित चौराहे के पास हुआ। हादसे में बाइक सवार फैजान 27 की मौत हो गई, जबकि कुलसुम 19 गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर के बाद फैजान थार के नीचे फंस गया था। आसपास मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर जालूपुरा थाना पुलिस और एक्सीडेंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत एसएमएस अस्पताल भिजवाया गया। वहां डॉक्टरों ने फैजान को मृत घोषित कर दिया, जबकि कुलसुम का इलाज जारी है। हेड कांस्टेबल राजेन्द्र ने बताया कि मृतक फैजान मूल रूप से खंडेला सीकर का रहने वाला था और भट्टा बस्ती इलाके में किराए से रहकर निजी नौकरी करता था। घायल कुलसुम रामगंज इलाके की निवासी है।

वह कॉलेज का फॉर्म भरकर पैदल अपने घर लौट रही थी, तभी तेज रफ्तार थार जीप ने उसे चपेट में ले लिया। थानाधिकारी हवा सिंह ने बताया कि थार को मनीष कुमार निवासी फतेहपुर चला रहा था, जिसने यह वाहन किराए पर लिया था। वह जयंती मार्केट की ओर जा रहा था। पहले युवती को टक्कर मारने के बाद वह घबरा गया और नियंत्रण खो बैठा। जिससे बाइक सवार युवक को भी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने थार जीप को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# पीले रंग की छटा में रंगा द मदर किड्स एकेडमी स्कूल



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के रजनी विहार अजमेर रोड स्थित द मदर किड्स एकेडमी स्कूल में शुक्रवार को बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर पीले रंग की आकर्षक सजावट से सुसज्जित नजर आया और पूरा वातावरण बसंती रंग में रंगा रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, कविता पाठ, नृत्य तथा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से ज्ञान, कला और संस्कृति का सुंदर संदेश दिया। पीले परिधानों में सजे विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया और बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की विद्यालय प्रबंधन श्रीकृष्ण चंद्र शर्मा ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, बुद्धि, सृजनशीलता और नई ऊर्जा का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्या के साथ-साथ संस्कारों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों ने भी बच्चों को अनुशासन, नैतिक मूल्यों और शिक्षा के महत्व की जानकारी दी। इस कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरण किया गया। पूरे समारोह के दौरान विद्यालय परिसर में उल्लास, उत्सव और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा।

# यमुना जल परियोजना के लिए 5 हजार करोड़ आवंटन की मांग

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** नहर लाओ संघर्ष समिति ने राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री एवं जल संसाधन मंत्री से आगामी बजट में यमुना जल परियोजना के प्रथम चरण हेतु 5 हजार करोड़ रुपए आवंटित करने की मांग की है। समिति अध्यक्ष इंजीनियर भोलाराम रूलानिया, संरक्षक पूरणमल सुंडा एवं सचिव शिवदयाल सिंह मील ने पत्र जारी कर बताया कि शेखावाटी क्षेत्र की पेयजल समस्या को दूर करने के लिए 1994 के अंतर्राष्ट्रीय समझौते के आधार पर 17 फरवरी 2024 को केंद्र की मध्यस्थता में एक एमओयू हुआ था। अब इस समझौते को क्रियान्वित करने के लिए बजटीय प्रावधान जरूरी है। समिति ने स्पष्ट किया कि यमुना जल परियोजना के प्रथम चरण की कुल अनुमानित लागत लगभग 15 हजार करोड़ रुपए है। वर्तमान में इसकी डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य अंतिम चरण में है। समिति ने जोर देकर कहा कि आगामी राज्य बजट में इस ऐतिहासिक परियोजना को गति देने के लिए कम से कम 5 हजार करोड़ रुपए की प्रारंभिक राशि आवंटित की जाए। इसके बिना परियोजना का क्रियान्वन आगे नहीं बढ़ पाएगा। यमुना जल परियोजना शेखावाटी क्षेत्र के लाखों लोगों की प्यास बुझाने एवं कृषि विकास के लिए जीवनरेखा साबित होगी। समिति ने सरकार से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की अपील की है।

# वंदे मातरम् प्रदर्शनी का आज शुभारंभ

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय महत्व को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। सहायक निदेशक जनसंपर्क कार्यालय पूरण मल ने बताया कि इस प्रदर्शनी का शुभारंभ आज दोपहर 12 बजे सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, सीकर में किया जाएगा।

**राष्ट्रगीत के महत्व को दर्शाएगी प्रदर्शनी** -यह प्रदर्शनी राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के ऐतिहासिक विकास, सांस्कृतिक प्रासंगिकता और राष्ट्रीय एकता में इसके योगदान को दर्शाने के लिए आयोजित की गई है। प्रदर्शनी में आमजन के अवलोकन हेतु विभिन्न जानकारीपूर्ण सामग्री प्रदर्शित की गई है।

**आमजन के लिए खुली रहेगी प्रदर्शनी**-शुभारंभ समारोह के बाद यह प्रदर्शनी आम जनता के अवलोकनार्थ खुली रहेगी जहाँ सभी नागरिक श्वंदे मातरम् से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारी और सामग्री देख सकेंगे। यह पहल राष्ट्रगीत के प्रति जागरूकता और सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने और राष्ट्रगीत के महत्व को समझने की अपील की है।

# राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में एमके स्कूल का शानदार प्रदर्शन

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पिपराली रोड स्थित एमके मेमोरियल शिक्षण संस्थान सीसै स्कूल के कराटे चैम्पियन विद्यार्थियों का विद्यालय परिसर में भव्य समारोह आयोजित कर सम्मान किया गया। विद्यालय ने हाल ही में जयपुर में आयोजित नेशनल पैंथर्स ओपन कराटे चैम्पियनशिप 2026 में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 13 पदकों का कमाल

जयपुर के एसआर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में एमके स्कूल के चार विद्यार्थियों तनय, कृश, शुभम और योगेश ने स्वर्ण पदक जीते। निखिल, रितेश, राजकुमार और तनय ने रजत पदक प्राप्त किए जबकि कृष्ण, सौम्य, निक्षित, आर्यन और ऋषि ने कांस्य पदक अपने नाम किए।

देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों वाली इस प्रतियोगिता में एमके स्कूल को प्रथम उपविजेता (सेकंड रैंक) की ट्रॉफी प्राप्त हुई। विद्यालय के चेयरमैन महावीर प्रसाद ढाका ने बताया कि स्कूल को यह सम्मान सबसे अधिक पदक प्राप्त करने के कारण मिला है।एसजीएफआई बेल्ट प्रतियोगिता में भी धमाल एसजीएफआई विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में भी स्कूल के 46 विद्यार्थियों ने प्रभावी भागीदारी निभाई। ब्राउन बेल्ट प्रिन्स गोरा ने, पर्पल बेल्ट चार विद्यार्थियों ने, ब्लू बेल्ट 10 विद्यार्थियों ने, ग्रीन बेल्ट 15 विद्यार्थियों ने और येलो बेल्ट 16 विद्यार्थियों ने प्राप्त किए।

## समारोह में विशेष आतिथ्य

इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में संस्था के को-डायरेक्टर इंजीनियर मनीष ढाका ने सभी विद्यार्थियों और उनके कोच मो. कलीम को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय शर्मा, प्रधानाचार्या संगीता शर्मा, आशा शर्मा, अकादमिक प्रमुख नेहा वर्मा एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



# राजस्थान टीम अंडर-14 बालक बनी राष्ट्रीय चैंपियन



मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 69वीं अंडर-14 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में राजस्थान और जम्मू-कश्मीर की टीमों के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान की टीम ने जम्मू-कश्मीर को 13 रनों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 140 रन बनाए और जम्मू-कश्मीर को 141 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए जम्मू-कश्मीर की टीम निर्धारित 15 ओवरों में 127 रन ही बना सकी। फाइनल मुकाबले में राजस्थान के अर्सलान खान को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया जबकि जम्मू-कश्मीर के फैसल अमीन को बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार मिला।

## तीसरे स्थान के लिए मुकाबला

तीसरे स्थान के लिए सीआईएससीई और मध्य प्रदेश के बीच मैच खेला गया। मध्य प्रदेश की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 77 रन ही बना सकी। जवाब में सीआईएससीई की टीम ने मात्र दो विकेट खोकर 78 रन बनाते हुए 8 विकेट से जीत दर्ज की। इस मैच में तनिष ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 18 गेंदों पर 42 रन बनाए तथा 3 विकेट भी झटके।

## व्यक्तिगत पुरस्कार

पूरी प्रतियोगिता में राजस्थान के प्रतुल शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 300 रन बनाए और उन्हें मैन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं राजस्थान के विकेटकीपर शुभम सोनी ने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 12 कैच और 6 स्टंप आउट किए तथा सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर घोषित किए गए। जम्मूकश्मीर के मुदरिक बेग ने भी 250 रन बनाकर सराहनीय प्रदर्शन किया।

## समापन समारोह

समापन समारोह में मुख्य अतिथि सीडीईओ सुरेन्द्र सिंह शेखावत, डीईओ प्रारंभिक किरण सैनी, एडी संभाग चूरू संपत सिंह, एडीईओ प्रारंभिक सज्जन सिंह, नोडल अधिकारी जितेंद्र सिंह नाथावत, शिक्षाविद् हरिराम रणवा, उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल, एसजीएफआई फील्ड ऑफिसर पवन कुमार कनौजिया सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने विजेता-उपविजेता टीमों एवं श्रेष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित किया। साथ ही आयोजन की सफल व्यवस्था के लिए सीबीएस एकेडमी के निदेशक विजेंद्र सिंह पचार की सराहना की गई। आयोजन मंडल द्वारा विभिन्न समितियों के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया।

# मनोकामेश्वर शिव मंदिर में नंदी प्रतिष्ठा आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर के घाट गेट स्थित मनोकामेश्वर शिव मंदिर में श्री गणेश मित्र मंडल संस्था परिवार की ओर से नंदी की मूर्ति प्रतिष्ठा समारोह श्रद्धा और विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के तहत भगवान भोलेनाथ का आकर्षक फुलों से श्रृंगार किया गया और महाआरती का आयोजन हुआ। मूर्ति प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर परिसर में हवन-पूजन संपन्न हुआ।



जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर देश-प्रदेश में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। आयोजन में पूर्व महापौर कुसुम यादव एवं अजय यादव ने शिरकत कर भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की और हवन में आहुतियां अर्पित कीं। इस दौरान कन्या पूजन कर कन्याओं को भोजन कराया गया तथा उन्हें उपहार देकर आशीर्वाद लिया गया। भगवान भोलेनाथ को विविध व्यंजनों का भोग अर्पित कर भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया गया। श्री गणेश मित्र मंडल संस्था परिवार के अध्यक्ष राजकुमार पलडिया ने बताया कि यह आयोजन समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया। समारोह में स्वागत मंत्री मनीष अग्रवाल, बाबूलाल जांगिड़, कन्हैया लाल साहू, केहर सिंह, सचिव कैलाश सिंह शेर गडिया, पूर्व कोषाध्यक्ष मन्नालाल सोनगरा, कमल नायक, महेश परेवा एवं यशपाल सिंह सहित मंडल परिवार के सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। नंदी की मूर्ति प्रतिष्ठा का कार्यक्रम विनय महाराज एवं पंडित राजकुमार के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत रूप से संपन्न हुआ।

# छठे महान गुरमत समागम पर आसा दी वार पाठ आयोजित



**जयपुर ( नवयत्न )।** पानीपेच के नेहरुनगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में आयोजित किए जा रहे छठे महान गुरमत समागम में शनिवार को भाई सुरेंद्र सिंह नछत्तर सिंह, हजूरी रागी, श्री दरबार साहब ने आसा दी वार का पाठ किया। उन्होंने सांई मेरे चंगा कीता नाहीं त हं भी दझां आहि, अमृत की सार सोई जाणै जि अमृत का वापारी जीऊ, लख खुशियां पातशाहीयां जै सतगुरु नदर करे जैसे शबद गाते हुए वाहेगुरु वाहेगुरु का सिमरन कराया। भाई मनदीप सिंह हजूरी रागी गुरुद्वारा नेहरू नगर ने सब सुख दाता राम है दूसर नाहिन कोई शबद गाकर संगत को निहाल किया। भाई गुरप्रीत सिंह लुधियाना वालों ने सतगुरु सिख को नाम धन दे गुरु रामदास राखो सरणाई भाई हरजीत सिंह ने अमृत नाम निधान है, मिल पीवहु भाई सुनाकर संगत को भक्ति के सागर में गोते लगवाए। भाई निर्भय सिंह हजूरी रागी दरबार साहिब, भाई सुरेंद्र सिंह नछत्तर सिंह हजूरी रागी श्री दरबार साहिब ने भी शबद गायन किया। समागम में पूरे दिन अतूट लंगर भी वरताया गया।

**आज होगा अमृत संचार**-गुरुद्वारे के प्रधान सरदार हरचरण सिंह ने बताया कि 25 जनवरी को सुबह 11 बजे श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर से आने वाले पंज प्यारों द्वारा अमृत संचार करवाया जाएगा।

# तहसील स्तरीय गणतंत्र दिवस युवा भारती स्टेडियम में मनाया जाएगा



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में सोमवार को तहसील स्तरीय 77 वां गणतंत्र दिवस पालिका अध्यक्ष गंगा देवी की अध्यक्षता में युवा भारती स्टेडियम में मनाया जाएगा। शनिवार को तहसीलदार हरदीप सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि पहली बार तहसील स्तरीय गणतंत्र दिवस सामुहिक रूप से तहसील कार्यालय व नगर पालिका के संयुक्त तत्वाधान में मनाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है पालिका प्रशासन के द्वारा निमंत्रण कार्ड कस्बे के गणमान्य व्यक्तियों को दिए जा रहे हैं । कस्बे की विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां भी दी जाएगी। वही स्वतंत्रता सेनानियों व अनेकों विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी एवं विद्यालयों के बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर तहसील कार्यालय के राजस्व लेखाकार शीशराम कस्वा भी मौजूद रहे।

# बच्चों के बीच बच्चे से नजर आए सांसद राहुल कस्वां



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** चूरू जिला सांसद राहुल कस्वा ग्रामीण क्षेत्रों में जब बच्चों के बीच पहुंचे, तो बच्चों की तरह नजर आए। बीरड़ा की ढ़ाणी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में जब विकास कार्य का उद्घाटन करने के लिए पहुंचेए तो उन्होंने वहां के बच्चों से मन लगा लिया और बच्चों को राम-राम कहते हुए कहा कि आप में से कौन बतायेगा कि सुजानगढ़ का विधायक कौन है। जिस पर कुछेक बच्चों ने कहा कि मनोज मेघवाल। जिस पर सासंद राहुल कस्वां ने कहा कि आप में से कौन-कौन विधायक मनोज मेघवाल को जानता है। इस पर बच्चों में से कुछ ने विधायक की ओर ईशारा किया। उसके बाद सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि आपके सांसद का नाम क्या है, जिस पर एक बच्चे ने कहा कि श्रीमान् राहुल कस्वां। इस पर सांसद खुश हुए और उसका माला पहनाकर अभिनंदन किया। इसी प्रकार कोडासर के स्कूल में कमरों का उद्घाटन करने के बाद बच्चों से मुखातिब होते हुए सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि किसके कोटे से आपके स्कूल में दो कमरे बने हैं, जिस पर एक-दो बच्चों ने कहा कि विधायक कोटे से। जिस पर सांसद ने कहा कि इस प्रकार की प्रेक्टिकल जानकारी आप सबको होनी चाहिए, क्योंकि ये किताबों में नहीं मिलती। इस दौरान सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, सरपंच प्रतिनिधि मनसुख गोदारा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी मौजूद रहे।

# सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ महायज्ञ का शुभारंभ



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** शेखावाटी अंचल में पहली बार आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ महायज्ञ का भव्य शुभारंभ शनिवार को संत-महात्माओं के पावन सानिध्य में हुआ। बोलता बालाजी धाम, माधव सागर तालाब के समीप स्थित मारू पार्क में आयोजित इस विराट धार्मिक अनुष्ठान में 511 विद्वान वैदिक ब्राह्मण एक साथ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कर रहे हैं। अखंड ज्योत प्रज्वलन महायज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार सुबह 8:30 बजे विधिवत पूजन-अर्चन के बाद संत-महात्माओं और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में अखंड ज्योत प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विश्व कल्याण, राष्ट्र शांति और जन-जन के मंगल की कामना के साथ सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ का महासंकल्प यजमानों द्वारा लिया गया। इस पुण्य अनुष्ठान में 511 यजमान सहभागी बनकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे हैं। महंतश्री सुनील तिवाड़ी महाराज के मार्गदर्शन में पंडित अश्वनी मिश्रा एवं पंडित मधुसूदन आसोपा के सानिध्य में यह महायज्ञ विधि-विधान से संपन्न हो रहा है। I511 ब्राह्मणों द्वारा एक साथ किए जा रहे सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से संपूर्ण वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो गया है।

# श्रद्धा एवं उल्लास के साथ की मां शारदे की पूजा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पोद्दार बिजनेस स्कूल में बसंत पंचमी महोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के कल्चरल क्लब की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई, इसके बाद विधिवत तरीके से सरस्वती माता की पूजा अर्चना की गई। स्टूडेंट्स ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं श्लोक का सस्वर वाचन कर पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम की संयोजक सरिता चौधरी के निर्देशन में इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्टूडेंट्स ने अपनी क्रिएटिविटी दर्शाते हुए विभिन्न शानदार पोस्टर प्रेजेंट किए।




पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. आनंद पोद्दार ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए मां सरस्वती की महिमा बताई, उन्होंने कहा कि मां शारदे के आशीर्वाद से आप सभी क्षेत्रों में विजय पताका लहरा सकते है। उन्होंने स्टूडेंट्स से नियमित रूप से मां शारदे की सेवा पूजा करने की अपील की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में चित्रांशी ने प्रथम एवं ध्रुव व दिया ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# सीकर में शेखावाटी उत्सव : बोतल से निकला जिन्न

## 7 फीट लंबी मूंछ, 380 मीटर लंबी पगड़ी पहनकर पहुंचे कलाकार

सीकर।

सीकर में जयपुर रोड स्थित अरबन हाट में आज से 2 दिवसीय शेखावाटी उत्सव का आयोजन हो रहा है। उत्सव की शुरुआत हेरिटेज वॉक से हुई। हेरिटेज वॉक एसके स्कूल ग्राउंड से बजरंग कांटा सर्किल होते हुए अरबन हाट पहुंची। उत्सव में आज और कल कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। शेखावाटी उत्सव में कई जिलों से कलाकार पहुंचे हैं, वहीं पूरे सीकर जिले से लोग यहां उत्सव में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। दो दिन चलने वाले इस उत्सव में आज और कल विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा, वहीं शोभायात्रा, प्रदर्शनी, योगा सेशन होंगे। उत्सव के समापन समारोह के दौरान कल शानदार आतिशबाजी की जाएगी।

### कई कॉम्पिटिशन होंगे

पर्यटन विभाग की असिस्टेंट डायरेक्टर अन्नू शर्मा के निर्देशन में 2 दिवसीय शेखावाटी उत्सव के पहले दिन एसके स्कूल ग्राउंड से अरबन हाट तक शोभायात्रा निकाली जा रही है। इसके बाद आज दिन में पंच गौरव प्रदर्शनी, हाट बाजार, ऊंट-घोड़ा श्रृंगार, साफा बांधना व लंगड़ी टांग दौड़ प्रतियोगिताएं होंगी।

### डांस और गायन-वादन होगा

इसके बाद आज शाम 6 बजे लोक कलाकार रामप्रसाद (कच्ची घोड़ी), अर्जुन माटोलिया (भैरू नृत्य), शमसाद बहरुपिया, श्याम जोशी (रोबिले), गोपाल गिला (ढफ-चंग), नवीन शर्मा (मयूर नृत्य), विकास भाट (कठपुतली), वर्षा सोनी (चरी, चरकुला), जाकिर खान (भपंग वादन), शिवनारायण गुजरावत (चकरी नृत्य) का प्रजेंटेशन देंगे।

### आतिशबाजी के साथ होगा समापन

शेखावाटी उत्सव में 25 जनवरी को सुबह योगा सेशन होगा। इसके बाद पंच गौरव-हाट बाजार के साथ ही रस्साकसी, मटका दौड़, मेहंदी, रंगोली, चित्रकला व वॉलीबाल मैच होंगे। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक कलाकार चुग्गे खां मांगणियार प्रस्तुति देंगे, इसके बाद आतिशबाजी के साथ 2 दिवसीय आयोजन का समापन होगा।

### जिला कलेक्टर की आमजन से अपील- शेखावाटी की संस्कृति को जानें

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि शेखावाटी उत्सव में सभी शहरवासियों को शेखावाटी कल्चर जानने और समझने के लिए अरबन हाट में चल रहे आयोजन में शामिल होना चाहिए।

### 3 टांग दौड़ में शामिल हुए बच्चे

सीकर के शेखावाटी उत्सव में तीन टांग दौड़ उत्सव में पार्टिसिपेट करते हुए आशा का झरना स्कूल के बच्चे।






### स्पेशली चैलेंज्ड बच्चे बना रहे पेंटिंग

शेखावाटी उत्सव में आशा का झरना संस्थान के मानसिक विमंदित और मूक बधिर बच्चे तिरंगे की खूबसूरत पेंटिंग बना रहे हैं। संस्थान के मुकेश प्रजापत ने बताया कि संस्थान के एक दर्जन बच्चे इस कंपटीशन में हिस्सा ले रहे हैं।शेखावाटी उत्सव में आशा का झरना संस्थान के मानसिक विमंदित और मूक बधिर बच्चे तिरंगे की खूबसूरत पेंटिंग बना रहे हैं। संस्थान के मुकेश प्रजापत ने बताया कि संस्थान के एक दर्जन बच्चे इस कंपटीशन में हिस्सा ले रहे हैं। शेखावाटी उत्सव में आशा का झरना संस्थान के मानसिक विमंदित और मूक बधिर बच्चे तिरंगे की खूबसूरत पेंटिंग बना रहे हैं। संस्थान के मुकेश प्रजापत ने बताया कि एक दर्जन बच्चे इस कॉम्पिटिशन में हिस्सा ले रहे हैं।

### जाकिर खान भपंग ग्रुप आया

जाकिर खान का परिवार पिछले कई सालों से भपंग वादन के काम में लगा हुआ है। जाकिर इस परिवार की 20वीं पीढ़ी के सदस्य हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ये कई बार परफॉर्म चुके हैं। इनका इंस्ट्रूमेंट लकड़ी का बना होता है।

### ऊंट-घोड़ों के साथ प्रदर्शन

हेरिटेज वॉक सीकर के एसके स्कूल खेल ग्राउंड से शुरू होकर अरबन हाट पहुंची। रास्ते में देसी कलाकार परफॉर्म करते हुए शामिल हुए। रोड के दोनों तरफ हेरिटेज वॉक देखने वालों की भीड़ लग गई।

### 7 फीट लंबी मूंछ, 14 साल मेहनत की

बीबीजी ग्रुप के कंवर लाल चौहान हेरिटेज वॉक में शामिल हुए। कंवर लाल ने अपनी 7 फीट लंबी मूंछों के साथ प्रदर्शन किया। इन्होंने साल 2012 से अपनी मूंछों का एक भी बाल नहीं कटवाया। ये मिस्टर बूंदी, डीग, बीकानेर रह चुके हैं। रोजाना इन्हें अपनी मूंछों को संवारने के लिए करीब एक घंटे का टाइम देना पड़ता है।



### 380 मीटर लंबे कपड़े की पगड़ी पहनी

बीबीजी ग्रुप के श्याम सिंह ने बताया कि उन्होंने सिर पर करीब 380 मीटर लंबे कपड़े की पगड़ी बांध रखी है। इसका वजन करीब 15 से 18 किलो तक है।

### लंबी दाढ़ी-मूंछ बनी आकर्षण का केंद्र

बीकानेर से आए बीबीजी ग्रुप के लोग। इनमें किसी के 4 फीट तो किसी के 7 फीट लंबी मूंछ हैं। ये लोग राजस्थान और अन्य राज्यों में कई जगह परफॉर्म कर चुके हैं।

# 18वां रोजगार मेला- पीएम ने 61 हजार जॉब लेटर बांटे

## कहा- युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयास; कई स्टार्टअप में महिला डायरेक्टर






नई दिल्ली।

पीएम मोदी ने शनिवार को वर्चुअली 18वें रोजगार मेले में युवाओं को 61 हजार जॉब लेटर बांटे। ये नियुक्ति गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों में की गई है। रोजगार मेले का आयोजन देश के 45 जगहों पर किया जा रहा है।

पीएम ने वर्चुअली संबोधन में कहा कि युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयास है। देशभर के स्टार्टअप में महिलाएं आगे हैं।

कई स्टार्टअप में तो वे हेड हैं। महिला स्वरोजगार की दर में 15% की बढ़ोतरी हुई है। पिछला रोजगार मेला 24 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 को रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। अब तक 11 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल चुका है।

**पीएम की स्पीच, 5 बड़ी बातें; कहा- भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का दायरा बढ़ा**

### रोजगार मेला मिशन मोड पर:

सरकारी भर्तियों को भी कैसे मिशन मोड पर किया जाए इसलिए रोजगार मेले की शुरुआत की गई। रोजगार मेला एक इंस्टिट्यूशन बन गया है। भारत की युवा शक्ति के लिए नए अवसर बने ये हमारा प्रयास है। हम कई ट्रेड एग्रीमेंट कर रहे हैं। इससे अनेकों अवसर आने वाले हैं।

### भारत पर दुनिया को भरोसा:

भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का दायरा बढ़ रहा है। देश में दो लाख रजिस्टर्ड स्टार्टअप में 21 लाख युवा काम कर रहे हैं। भारत की इकोनॉमी तेजी से बढ़ रही है। आज भारत पर जिस तरह दुनिया का भरोसा बढ़ रहा है इससे अनेकों संभावनाएं पैदा हो रही हैं।

### ऑटो इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है:

2025 में टू व्हीलर की बिक्री दो करोड़ के पार पहुंच गई। आयकर और जीएसटी कम होने से लाभ हुआ। देश में बड़ी संख्या में रोजगार का अवसर पैदा हो रहा है।

### स्टार्टअप में महिलाएं भी आगे:

आज 8000 से ज्यादा बेटियों को नियुक्ति पत्र मिले। महिला स्वरोजगार की दर में 15% की बढ़ोतरी हुई है। आज कई स्टार्टअप में महिला डायरेक्टर हैं। गावों के कई रोजगार में महिलाएं हेड कर रही हैं।

### खुद को हमेशा अपग्रेड करें:

आपको एक और बात याद रखनी है। तेजी से बदले टेक के इस दौर में देश की प्राथमिकताएं बदल रही हैं। आपको खुद को लगातार अपग्रेड करना है। आईगॉट ऐप का उपयोग करें।



# हिमाचल में भारी बर्फबारी, मनाली में फंसे टूरिस्ट

## भूखे-प्यासे गाड़ियों में काटी रात, कईयों की हालत बिगड़ी, मनाली 1.5, शिमला 1 फुट स्नॉफॉल

शिमला।

हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी के कारण 600 से ज्यादा टूरिस्ट जगह जगह फंसे हुए है। मनाली में बड़ी संख्या में पर्यटकों ने पूरी रात गाड़ियों में बिताई। इनके पास खाने-पीने को कुछ नहीं है। माइनस में टैम्परेचर के बावजूद ठंड से बचने को कंबल तक नहीं है। इससे कई पर्यटकों की हालत बिगड़ती जा रही है। मनाली के 16 व 17 मील के पास 100 से भी ज्यादा गाड़ियां फंसी है। इनमें टूरिस्ट सड़क खुलने की उम्मीद में है। सड़क पर भारी बर्फ होने के कारण गाड़ियों की आवाजाही नहीं हो पा रही। दिल्ली से आई टूरिस्ट रिंकी ने बताया- वह 24 घंटे से मनाली से आठ किलोमीटर पहले गाड़ी में है। उनके साथ टैंपो में पांच लोग है। उन्होंने पूरी रात भूखे-प्यासे बिताई। ठंड से उनकी स्थिति बिगड़ रही है। शिमला, कुफरी और नारकंडा में भी बर्फबारी के कारण वाहनों की आवाजाही बंद है। इससे शहर की सड़कों पर रात दो-तीन बजे तक टूरिस्ट गाड़ियों में फंसे रहे। बर्फ पर गाड़ियां स्किड हो रही है।

### शेष हिमाचल से कटे शिमला, कुल्लू, चंबा और लाहौल स्पीति

प्रदेश में भारी बर्फबारी के बाद कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। इससे पानी की टंकियां जम गई है। घरों व होटल में पानी नहीं आ रहा। शिमला, चंबा, कुल्लू, किन्नौर और लाहौल स्पीति जिला का हिमाचल से संपर्क कट गया है। प्रदेश में पांच नेशनल हाईवे समेत 1290 सड़कें और 8500 से ज्यादा बिजली के ट्रांसफॉर्मर ठप पड़े हैं। शिमला शहर के अधिकांश हिस्सों में भी 30 घंटे से ब्लैक आउट है। कई ग्रामीण इलाकों में अगले पांच-छह दिन बाद भी बिजली बहाली की कम उम्मीद है। भारी हिमपात के बाद प्रदेश में 1200 से रूटों पर बस सेवाएं ठप हो गई है। इससे लोगों की आवाजाही मुश्किल हो गई है।

### शिमला का अधिकतम तापमान 17 डिग्री गिरा

हिमाचल का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 8 डिग्री सेल्सियस नीचे लुढ़क गया है। बीते 24 घंटों में प्रदेश के औसत अधिकतम तापमान में 13.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह, 10 शहरों में रात का तापमान माइनस में चला गया है।

### कमजोर पड़ेगा वेस्टर्न डिस्टरबेंस

मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस आज थोड़ा कमजोर पड़ेगा। कल मौसम पूरी तरह साफ होगा। मगर परसों से दोबारा स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है।

इससे 26 व 27 जनवरी को फिर से अच्छी बारिश-बर्फबारी के आसार है। बेशक, बारिश-बर्फबारी से दुश्वारियां बढ़ी है। मगर जो टूरिस्ट पहले से शिमला-मनाली समेत दूसरे पर्यटन स्थलों पर पहुंच चुके है। वह बर्फ के बीच मौज मस्ती कर रहे हैं। ऐसे पर्यटक बर्फ के गोले बनाकर खेल रहे हैं और बर्फ को अपने कैमरों में कैद कर रहे है।

# गहलोत बोले- ओएमआरशीट गड़बड़ी पर सरकार की चुप्पी चिंताजनक

## कहा- दो साल में हुई भर्ती परीक्षाओं की जांच की घोषणा से क्यों बच रही है सरकार?

जयपुर।

ओएमआर शीट गड़बड़ी पर सियासी वार-पलटवार का दौर जारी है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कर्मचारी चयन बोर्ड की परीक्षाओं में ओएमआर शीट बदलने वाले गिरोह के पकड़े जाने के मामले में एक बार फिर राज्य सरकार पर सवाल उठाए हैं। गहलोत ने भाजपा राज के दौरान पिछले दो साल में हुई सभी भर्ती परीक्षाओं की जांच का मुद्दा फिर उठाया है। गहलोत ने एक्स पर लिखा- राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड में ओएमआर शीट बदलने वाले गिरोह के पकड़े जाने के पांच दिन बीत चुके हैं, लेकिन राज्य सरकार की रहस्यमयी चुप्पी चिंताजनक है। हमारी सरकार ने युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आजीवन कारावास, 10 करोड़ जुर्माना और दोषियों की संपत्ति जब्त जैसा देश का सबसे सख्त कानून बनाया और बिना किसी भेदभाव के आरपीएससी सदस्य तक को जेल की सलाखों के पीछे भेजकर नजीर पेश की।

**पिछली सरकारों पर दोष नहीं मढ़ा**-गहलोत ने लिखा- जीरो टॉलरेंस का दावा करने वाली भाजपा सरकार बताए कि वह अपने कार्यकाल (2024-25) के दौरान हुई परीक्षाओं की निष्पक्ष जांच करवाने की घोषणा करने से क्यों बच रही है? क्या भाजपा सरकार युवाओं के साथ न्याय नहीं करना चाहती है?

**सीएम और बीजेपी नेता गहलोत पर पलटवार कर चुके**-ओएमआर शीट गड़बड़ी मामले में गहलोत पहले भी दो साल की भर्ती परीक्षाओं की जांच का मुद्दा उठा चुके हैं। गहलोत के ट्वीट के बाद सीएम भजनलाल शर्मा ने सिरोही की सभा और कल जयपुर में मेगा पीटीएम में बोलते हुए गहलोत पर पलटवार कर चुके हैं।

सीएम भजनलाल शर्मा ने गहलोत पर पलटवार करते हुए कहा था कि 2019 में पेपर हुए, पूर्व मुख्यमंत्री जी, ओएमआरशीट का मामला आपके घर तक जा रहा है। आपका पीएसओ क्या आपके बिना चला, पूर्व मुख्यमंत्री को यह नहीं दिखता। पूर्व मुख्यमंत्री जी की उम्र हो गई, अब चश्मा बदलवा लीजिए।

# बैंक 4 दिन बंद, 27 जनवरी तक नहीं होगा काम

## फाइव-डे बैंकिंग सहित लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को रहेगी हड़ताल

हनुमानगढ़।

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर 27 जनवरी को देशव्यापी बैंक हड़ताल रहेगी। 24 से 26 जनवरी तक छुट्टी और 27 को हड़ताल के कारण जिले में लगातार चार दिन तक बैंक बंद रहेंगे। हनुमानगढ़ में बैंक यूनियनों के पदाधिकारियों की शनिवार को बैठक हुई, जिसमें हड़ताल के दिन के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 27 जनवरी को सभी बैंकों के अधिकारी और कर्मचारी सुबह 10:30 बजे जंक्शन स्थित टाउन रोड पर पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय के सामने एकत्रित होकर शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन करेंगे।

इसके बाद एक रैली निकाली जाएगी, जो रेलवे स्टेशन होते हुए पुनः मंडल कार्यालय पर समाप्त होगी। इस प्रदर्शन के माध्यम से बैंककर्मी फाइव-डे बैंकिंग व्यवस्था लागू करने, कर्मचारी विरोधी नीतियों को वापस लेने और श्रमिक हितों की अनदेखी का विरोध करेंगे।

राजस्थान प्रदेश बैंक एम्पलाइज यूनियन के क्षेत्रीय सचिव और पीएनबीईयू राजस्थान के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी प्रदीप गोयल ने बताया कि बैंकों में पांच दिवसीय कार्य प्रणाली लागू करना यूनियनों की प्रमुख मांग है। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2023 में आईबीए और यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बीच इस संबंध में समझौता हुआ था, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। गोयल के अनुसार आईबीए ने यह मामला केंद्र सरकार पर छोड़ दिया है, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई स्वीकृति नहीं मिली है। मार्च 2025 में प्रस्तावित हड़ताल भी इसी आश्वासन पर स्थगित की गई थी कि जल्द फाइव-डे बैंकिंग लागू होगी, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ।

# सलमान खान को राज्य उपभोक्ता आयोग से राहत

## कोटा जिला उपभोक्ता आयोग के आदेश पर लगाई रोक, अब कोर्ट में नहीं होंगे पेश

**जयपुर।** राज्य उपभोक्ता आयोग से अभिनेता सलमान खान को राहत मिल गई है। आयोग ने जिला उपभोक्ता आयोग, कोटा के 26 दिसंबर के आदेश पर रोक लगा दी है। कोटा उपभोक्ता आयोग ने सलमान खान को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के निर्देश दिए थे। राजश्री पान मसाला और सलमान खान ने राज्य उपभोक्ता आयोग में रिवीजन दायर की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायिक सदस्य निर्मल सिंह मेड़तवाल और सदस्य जय गौत्तम की बेंच ने आगामी सुनवाई तक जिला उपभोक्ता आयोग के आदेश पर रोक लगा दी है।

## भक्तों की भगवान संकट में रक्षा करते हैं : कोमल किशोरी



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में शिवाजी सेवा संस्थान के प्रांगण में नानी बाई रो मायरो कथा के दूसरे दिन कथा वाचिका राधासखी कोमल किशोरी ने कहा कि भगवान अपने भक्तो कि संकट में रक्षा करते हैं। उन्होंने आज नानी बाई के ससुराल वालों की पत्रिका नरसी भक्त को मिलना। पत्रिका मिलने पर पत्रिका को श्री ठाकुरजी मंदिर में नरसी भक्त द्वारा रखना। मायरा भरने के लिए अपने साधु संत अंधे सूरदासो की मंडली लेकर रवाना होना आदि रोचक प्रसंग सुमधुर संगीतमय वाणी में सुनाया । कथा के दौरान नानीबाई के देवर नारायण द्वारा चिट्ठी लिखना की झांकी दिखाई। कथा शुरू होने से पूर्व कथा यजमान समाज सेवीका ललिता देवी व्यास, राहुल मोनिका व्यास और कथा संयोजक राजकुमार मुरारका ने व्यासपीठ की पूजा अर्चना की। कथा में सुशीलकुमार गौड़, हनुमानसिंह शेखावत, एडवो. रामावतार ठठेरा, महावीरप्रसाद सेवदा, लालचंद प्रजापत, कैलाश चारण, श्रीगोपाल मुरारका, नथमल इंदौरिया, शांतिलाल पोद्दार, गजानंद चोटिया, ओमप्रकाश सारस्वत सहित नगर के अनेक धर्म श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

## संस्थान की बैठक आज

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** क्षत्रिय विकास संस्थान तारानगर की मासिक बैठक 25 जनवरी रविवार को संस्थान भवन में होगी। संस्थान अध्यक्ष एडवोकेट गजराज सिंह राजवी ने बताया कि बैठक में संस्थान विकास व विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## एबीवीपी ने महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव आयोजन की मांग उठाई




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी इकाई तारानगर द्वारा माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव आयोजन की मांग को लेकर प्राचार्य डॉ. सत्यवती बुडानिया को ज्ञापन सौंपा गया। परिषद ने बताया कि वार्षिकोत्सव विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक विकास के लिए आवश्यक है तथा वर्तमान सत्र में आयोजन न होने से विद्यार्थियों में निराशा का माहौल है। वार्षिकोत्सव जैसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। छात्रहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र आयोजन किया जाना चाहिए। इस अवसर पर नगर एसएफएस संयोजक मोहित पट्टीर, इकाई अध्यक्ष नरसी मेघवाल, उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, इकाई सचिव राहुल जोईया सहित लक्की, नौनिहाल, दिव्या, सरोज एवं रंजनी उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा आज से

निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** मंडी लक्ष्मणगढ़ रोड स्थित संकट मोचन बालाजी मंदिर में आज से श्रीमद् भागवत कथा शुरू होगी। आयोजन समिति के सुरेश शर्मा ने बताया कि सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा से पूर्व प्रात: कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा का समय दोपहर सवा एक बजे से साढ़े चार बजे तक रहेगा। व्यास पीठ से कथा व्यास पंडित मदन लाल शर्मा कथा का वाचन करेंगे।

## मील बने आरजीपीआरएस के झुंझुनू जिलाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

बाबूलाल शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन राजस्थान आरजीपीआरएस ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए विजय मील को झुंझुनू जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है। जारी नियुक्ति.पत्र के अनुसार, यह नियुक्ति आरजीपीआरएस–राजस्थान की नियुक्ति समिति एवं प्रभारी की अनुशंसा पर की गई है, जिसे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील पंवार और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा की स्वीकृति प्राप्त हुई है। नियुक्ति–पत्र में उल्लेख किया गया है कि विजय मील को उनके कार्य अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा के प्रति समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें यह पद दो वर्षों अथवा अग्रिम आदेश तक जो भी पहले हो के लिए सौंपा गया है। पार्टी नेतृत्व ने विश्वास जताया है कि विजय मील संगठन की आचार संहिता का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए जमीनी स्तर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की विचारधारा को मजबूती प्रदान करेंगे और रचनात्मक कार्यों के माध्यम से संगठन को और सशक्त बनाएंगे। विजय मील की नियुक्ति के बाद जिलेभर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाइयां दीं और संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर कल

**गुढ़ागौड़जी ( नवयत्न )।** रघुनाथपुरा गांव की शिव गौशाला में सोमवार को विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयुष्मान हॉस्पिटल गुढ़ागौड़जी के तत्वावधान में लगाया जाएगा। संजय रेपस्वाल ने बताया कि हर साल की भांति इस बार भी गांव की शिव गौशाला में उनके बड़े भाई स्व. मुकेश रेपस्वाल की याद में एक विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। जिसमें निशुल्क परामर्श और निशुल्क दवा वितरण होगा। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक झाझड़िया, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. राधाकृष्ण सिहाग, फिजीशियन डॉ. लोकेश, आंख रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता और महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. शंकुतला सौंकरिया सेवा देंगे। साथ ही शिविर में पेशाब, शुगर, बीपी आदि की भी जांचें नि:शुल्क होंगी। निशुल्क चिकित्सा शिविर से पहले गायों के लिए गौ सवामणी की जाएगी।

# जिला स्तरीय राजस्व खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार आगाज

मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला स्तरीय 13वीं राजस्व खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हरसावा बड़ा में उपखंड फतेहपुर और रामगढ़ द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न खेलों के मुकाबले हुए, जिनमें वॉलीबॉल में फतेहपुर टीम ने रींगस को हराकर फाइनल में जगह बनाई। यह प्रतियोगिता राजस्व विभाग के कर्मचारियों के बीच खेल भावना, स्वास्थ्य जागरूकता और टीम वर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। फाइनल मुकाबलों के साथ प्रतियोगिता का समापन होगा।

### फतेहपुर-सीकर का होगा रोमांचक फाइनल

पुरुष वर्ग के वॉलीबॉल सेमीफाइनल में फतेहपुर की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रींगस को पराजित किया। फतेहपुर टीम में राजेश खालिया, दामोदर सिंह, वीरेंद्र सिंह, जाबिर खान, बालू सिंह और धर्मेंद्र सिंह जैसे खिलाड़ियों ने शानदार गेम दिखाया। अब फाइनल मुकाबला फतेहपुर और सीकर के बीच खेला जाएगा।



### 700 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में जिले के समस्त राजस्व विभाग के लगभग 700 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग के विभिन्न खेलों जैसे बैडमिंटन, लॉन टेनिस, कबड्डी, केरम, रस्साकशी आदि का आयोजन किया जा रहा है।

### उच्च अधिकारियों की उपस्थिति

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, उपखंड अधिकारी फतेहपुर दमयंती कंवर, उपखंड अधिकारी रामगढ़ भारती फुलफकर, तहसीलदार फतेहपुर हितेश चौधरी सहित राजेश खालिया, वीरेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, रामावतार स्वामी, मनोज स्वामी और अन्य अनेक उपखंडों से आए अधिकारियों व कर्मचारियों ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## श्रीमद्भागवत् है जीवन प्रणाली : स्वामी कानपुरी महाराज

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव टाडां के विश्वकर्मा सेवा भवन में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शनिवार को कथा वाचक महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने शुकदेव मुनि के आगमन, राजा परीक्षित के जिज्ञासापूर्ण प्रश्न तथा श्रीमद्भागवत के दस लक्षणों का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए सृष्टि की रचना से जुड़े प्रसंगों पर सारगर्भित प्रवचन दिया। महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को धर्म, ज्ञान और भक्ति के मार्ग पर ले जाने वाला दिव्य प्रकाश है। उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित का शुकदेव मुनि से प्रश्न मानव जीवन की सार्थकता से जुड़ा है, जिसका समाधान भागवत कथा में निहित है। भागवत के दस लक्षणों–सर्ग, विसर्ग, स्थान, पोषण, ऊति, मन्वंतर, ईशानुकथा, निरोध, मुक्ति और आश्रय का वर्णन करते हुए महाराज ने श्रोताओं को भक्ति भाव से ओत–प्रोत कर दिया। कथा यजमान धनराज जांगिड़ ने सपत्नीक विधिवत श्रीमद्भागवत पुराण एवं व्यास पीठ की पूजा–अर्चना कर कथा का विधिवत शुभारंभ किया। तत्पश्चात कथा वाचक संत कानपुरी महाराज का साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। कथा के दौश्रान ओमप्रकाश, गिरधारीलाल जांगिड़, ओंकारमल, श्यामलाल जांगिड़, भागीरथ जांगिड़, पृथ्वीसिंह, किसनदास स्वामी, श्रवण स्वामी, युवराज सिंह, दीनदयाल, भैरूसिंह, बजरंगलाल, नागरमल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## निपुण भारत मेला व मेगा पीटीएम आयोजित

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** शिक्षा विभाग के दिशा निर्देश पर लाडनूं की जौहरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रहलाद निरानिया, अतिरिक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह राठौड़ एवं सूर्य प्रकाश आर्य के आतिथ्य मे क्षेत्राधीन विद्यालयों के कक्षा 1 से 5 तक के समस्त विद्यार्थियों ने शारीरिक एबौद्धिक, सामाजिक और सृजनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। प्रधानाचार्य मनीष जांगिड़ ने बताया कि निपुण भारत थीम के आधार पर आयोजित कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप डिजिटल स्लेट, और कलरिंग किट, ज्योमेट्री बॉक्स, पेंसिल रबड़ आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीबीईओ प्रहलाद राय ने कहा कि अध्यापक बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दें। स्कूल में नामांकन बढ़ेगा तो ही अध्यापकों का भविष्य सुरक्षित रहेगा। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए कृष्ण भोग का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा 1 से 8 तक के समस्त विद्यार्थियों को स्टाफ की तरफ से बादाम का हलवा, पुरी, दाल और सब्जी परोसी गयी। इस मेले के आकर्षण का केंद्र हस्त निर्मित निपुण भारत थीम पर बनाया गया सेल्फी पॉइंट रहा।

## संत स्नेह मिलन, चादरपोशी एवं विशाल भण्डारा महोत्सव आयोजित

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अजीतगढ़ कस्बे की अरावली पर्वत श्रृंखला में अवस्थित जनता कॉलोनी के तत्काल हनुमान एवं कैलाश पहाड़ी शिव मंदिरों में गुरुवार को त्रिवेणी धाम संत राम रिछपाल दास महाराज के सान्निध्य में संत स्नेह मिलन, शिव मंदिर चादरपोशी एवं विशाल भण्डारा पंगत प्रसादी का भव्य आयोजन हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं , भक्तगणों, संत, महात्माओं, जनप्रतिनिधियों, मीडियाकर्मियों, ग्रामीणजनों ने शिरकत की। ब्रह्मलीन बालसंत हरिदास महाराज के पावन धाम तत्काल हनुमान मंदिर संत श्यामदास महाराज को संत सम्मेलन में शिव मंदिर की चादरपोशी करके कैलाश पहाड़ी शिव मंदिर का जिम्मा सौंपा गया। सैकड़ों आगंतुक संत, महात्माओं को प्रसादी ग्रहण करवाकर यथोचित दक्षिणा देकर विदाई दी गई । हजारों लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस सुअवसर पर त्रिवेणी धाम संत राम रिछपाल दास महाराज ने कहा कि हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह समय समय पर धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी कमाई में से कुछ हिस्सा धर्मादा खाते खर्च करे ताकि पुण्य की प्राप्ति हो।

## पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में भारत रत्न और बिहार के पूर्वमुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 102 वीं जयंती कर्पूरी ओबीसी संगठन के जिलाध्यक्ष रोहित मारू के सानिध्य में मनाई गयी । उपस्थित जनों ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण किया । जिलाध्यक्ष मारू ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को एक ऐसे नेता के रूप में वर्णित किया जो सत्ता में रहते हुए भी जनता के लिए जीते थे। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सादगी, संघर्ष और सामाजिक न्याय के प्रतीक थे और वे किसी एक वर्ग के नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के नेता थे। इस अवसर पर प्रमोद मारू विकाश तवंर, बजरंगलाल नाई, कन्हेयालाल नाई नोरतन टोकसिया लीलाधर टोकसिया दुलाराम लिलड़िया राकेश नाई मौजूद रहे ।



## देशभक्ति के रंगों में रंगेगा जयपुर

**जयपुर ( नवयत्न )।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गुलाबी शहर जयपुर देशभक्ति के रंगों में सराबोर होगा। इस अवसर पर राजस्थान पुलिस की ओर से भव्य बैण्ड वादन एवं घुड़सवारी शो का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 जनवरी रविवार को अमर जवान ज्योति, एसएमएस स्टेडियम के पास, जनपथ पर शाम 4 से 5 बजे तक आयोजित होगा। इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि मुख्य सचिव वीण् श्रीनिवास होंगे, जबकि महानिदेशक पुलिस, राजस्थान राजीव कुमार शर्मा की विशिष्ट उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में राजस्थान पुलिस के जांबाज घुड़सवारों द्वारा हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं पुलिस बैंड देशभक्ति से ओत–प्रोत मधुर धुनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह में राष्ट्रप्रेम का संचार करेगा। राजस्थान पुलिस द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम गणतंत्र दिवस के उत्सव को और भी गरिमामय व स्मरणीय बनाने के उद्देश्य से रखा गया है। आमजन को बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने का आह्वान किया गया है।

## केशवानन्द में स्पोर्ट्स मीट 2025 का भव्य आयोजन




सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान में स्पोर्टस मीट 2025 का शानदार आयोजन किया गया। स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका के द्वारा ध्वजारोहण और मशाल प्रज्वलन के साथ किया। संस्थान निदेशक ने बताया कि कि ऐसे खेल आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। इसके बाद खिलाड़ियों ने अनुशासन और एकता का संदेश देते हुए आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसके साथ ही सम्पूर्ण केशवानन्द परिसर खेल भावना से गूंज उठा। संस्थान में यह आयोजन बड़े ही उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। इस वार्षिक खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन के दौरान पूरा परिसर जोश, उमंग और प्रतिस्पर्धा की भावना से सराबोर नजर आया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में दौड़, कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन सहित कई इनडोर और आउटडोर खेल शामिल रहे। प्रतियोगिताओं के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीमवर्क और खेल भावना का बेहतरीन परिचय दिया। इस अवसर पर संस्थान चैयरमेन सुरेन्द्र सिंह, सहनिदेशक गोपाल सिंह, कैम्पस हैड राहुल ढ़ाका ने विजेता खिलाड़ियों को 467 मैडल वितरित किये जिनमें 198 गोल्ड मैडल, 186 सिल्वर मैडल एवं 83 ब्रांज मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन सभी प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए प्रेरणादायक और अविस्मरणीय रहा।

## आर्टिस्ट भींवराज का किया सम्मान



निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** सांडवा में शनिवार को युवा चित्रकार भींवराज सिंहमार को पुलिस थाना सांडवा में पुलिसकर्मियों ने सम्मान किया। इस मौके थानाधिकारी चौथमल वर्मा, एएसआई राजकुमार, हेड कांस्टेबल कुम्भाराम मीणा, हेड कांस्टेबल सुमेर सिंह मीणा, कांस्टेबल राधेश्याम, रंजीत सिंह, कृष्ण अवतार आदि मौजूद थे। जानकारी के अनुसार जयपुर में हुए राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में सीएम भजनलाल शर्मा ने चित्रकार भींवराज सिहंमार को राजस्थान यूथ आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित किया था।

## बालिका दिवस पर छात्राओं को दी कानून की जानकारी



**लाडनूं ( नवयत्न )।** पी.एम श्री राजकीय केसर देवी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय लाडनूं मे संस्था प्रधान विजय सिंह चौहान की अध्यक्षता व जीतेन्द्र सिंह डिप्टी लाडनूं के मुख्य आतिथ्य एवं सुमित्रा आर्य पार्षद के विशिष्ट आतिथ्य मे राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए सीओ जीतेन्द्र सिंह ने बालिकाओं को साइबर अपराध सड़क सुरक्षा नियम की जानकारी देते हुए कहा कि बालिकाओं की सुरक्षा समाज की आज महती आवश्यकता है यदि कोई बालिका अपने आप को असुरक्षित समझे तो तुरंत 1930 पर कॉल कर सकती है। पुलिस कांस्टेबल राजकुमार ने बालिकाओं को राज कोप सिटीजन ऐप लोड करने की पूरी प्रक्रिया बताई। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे प्रथम तीन स्थान प्राप्त बालिकाओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे व्याख्याता पूनम चौधरी, परमेश्वरी, शशि शर्मा, योगेंद्र सिंह, दयाराम, शंकर लाल, प्रेमलता, रामगोपाल, आकिब जावेद, सरोज बाला रीना शर्मा, निलेश पारीक, पूनम वर्मा, पवन मंडा गजानंद शर्मा, एसडीएमसी सदस्य मास्टर जलालुद्दीन सोलंकी, मोहम्मद इशाक छींपा, अब्दुल जब्बार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिव शंकर बोहरा ने किया.

## चिह्नित अतिक्रमण स्वयं हटाने के लिए अंतिम अवसर

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** नगर परिषद सीकर द्वारा नगर क्षेत्र में सार्वजनिक सड़कों नालों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ईदगाह चौक से बुच्याणी व खटीकान प्याऊ फतेहपुर रोड तक रोड़ चौड़ाईकरण में चिह्नित किए गए अतिक्रमण को स्वयं के स्तर हटाने के लिए सुचित किया गया है। परिषद द्वारा विभिन्न भवनों प्रतिष्ठानों में किए गए अतिक्रमण को चिन्हित किया गया है। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने संबंधित भवन स्वामियों एवं कब्जाधारियों को कहा कि जिन भवनों का अतिक्रमित भाग चिन्हित किया गया है वे तीन दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से स्वयं के स्तर पर अतिक्रमण हटा लें। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि निर्धारित समयावधि में अतिक्रमण नहीं हटाने की स्थिति में नगर परिषद प्रशासन द्वारा बिना किसी अतिरिक्त सूचना के चिन्हित अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान होने वाले समस्त खर्च क्षति एवं विधिक दायित्व की जिम्मेदारी संबंधित भवन स्वामी कब्जाधारी की होगी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध जीरो टोलरेंस नीति अपनाई गई है।

# सांसद और विधायकों ने किया 33 विकास कार्यों का लोकार्पण

# गांव चरला में पुष्पवर्षा कर किया गया सांसद का स्वागत

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ के ग्रामीण दौरे पर आए चूरू सांसद राहुल कस्वा ने चरला ग्राम पंचायत में करोड़ों की लागत के 33 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, प्रशासक संतोष देवी, मनसुख गोदारा को साथ लेकर सांसद ने कोड़ासर और चरला गांवों में तालाब, टीन शेड, चारदीवारी, सड़कों, ब्लॉक सड़कें, ट्यूबवैल आदि का लोकार्पण किया। इस दौरान सांसद राहुल कस्वां ने चरला के स्कूल में आयोजित विशाल जन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि खुली आंखों से देखे हुए सपने सच करने में विद्यार्थियों को परिश्रम करना चाहिए और अनुशासन के साथ ही सफलता को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने विद्यालय स्टाफसे कहा कि बच्चों के लाइफस्किल, भाषा, व्यवसाय आदि पर भी ध्यान दें, ताकि आगे उन्हें प्रेक्टिकल जीवन में कोई दिक्कत न हो। सांसद राहुल कस्वा ने कहा कि इस दौर में किसानों के खेती करनी काफी मुश्किल भरा काम हो गया है। क्योंकि ऐसी सरकारें आ गई, जिनके राज में नकली खादें, नकली बीज तक बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को लाईन में लगाने का काम कर रही है, लेकिन हमारा संघर्ष किसानों के साथ है। राहुल कस्वा ने कहा कि 38 हजार ढ़ाणियों का सर्वे पूरा हो गया है और जल्द कार्य चालू हो जायेगा। उन्होंने सरपंच संतोष देवी, मनसुख गोदारा की मांग पर गांव में 3 हाई मास्ट लाईट्स लगवाने तथा बच्चों के लिए लाइब्रेरी



विकसित करने के लिए 4 लाख रूपए दिए जाने की घोषणा की। इस मौके पर विधायक मनोज मेघवाल ने कोडासर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में टीन शेड निर्माण, चरला में अम्बेडकर भवन के लिए 20 लाख रूपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम को रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर केशराराम गोदारा, राधेश्याम अग्रवाल, राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक, विद्याधर बेनीवाल, कांग्रेस नेता आनंद पिलाणिया, क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष नरपत गोदारा, मोहन मेघवाल, लुहारा सरपंच एवं देहात कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र बेनीवाल, राजू सारण, कल्याणसर सरपंच विकास सारण, कांग्रेस नेता डॉ. रामेश्वर दुसाद, पूर्व सरपंच रामकरण जाखड़, पूर्व सरपंच महेश पारीक, भागीरथ गुरू आदि लोग मंचासीन रहे। कार्यक्रम के बाद ग्राम पंचायत के कार्मिकों, पंचो व अन्य जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान सांसद और विधायकों ने किया। सरपंच प्रतिनिधि मनसुख गोदारा ने आभार प्रकट किया।

### इन विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

गांव चरला में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के पीछे पानी निकासी के लिए चौक निर्माण, चरला के राजकीय उ.मा. विद्यालय में टीन शेड, चरला में ओरण में स्थित ट्यूबवैल से गांव की आम गुवाड़ में निर्मित जल हौद तक पाइप लाइन, चरला के गोदारा समाज एवं राजपूत समाज के सार्वजनिक मोक्ष धामों में विकास कार्य, अमृत सरोवर योजना के तहत बोरड़ी जोहड़ में निर्मित मॉडल तालाब, चरला में लिछमणराम मेघवाल के घर से मालाराम सांसी के घर तक पानी निकासी के लिए ब्लॉक सडक निर्माण, चरला में गोगामेड़ी के पास रिचार्ज वैल, बाड़ा के खंडाप में पक्का तालाब का सौंदर्यकरण, बाड़ा में नायक समाज के सार्वजनिक मोक्ष धाम में विकास कार्य बीरड़ों की ढ़ाणी राजणा स्थित राजकीय उ.प्रा. विद्यालय में टीन शेड, चरला में नायक समाज के सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार, गनोड़ा स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र में सामुदायिक शौचालय, गांव बाड़ा स्थित राजकीय उ.मा. विद्यालय में पानी निकासी के लिए ब्लॉक सडक, गांव बाड़ा में हस्तु देवी के घर से कालूराम नायक के घर की ओर पानी निकासी के लिए ब्लॉक सडक, पानी निकासी के लिए पूसाराम नायक के घर से कालूराम नायक के घर की ओर ब्लॉक सडक, गनोड़ा में राजकीय मा. विद्यालय में पानी निकासी के ब्लॉक सडक, कोडासर जाटान स्थित राजकीय उ.मा. विद्यालय में दो कक्षा कक्ष मय बरामदा, चरला में पानी निकासी लिछमणराम बावरी के घर से मंगतूराम बावरी के घर तक ब्लॉक सडक, कोडासर जाटान में पानी निकासी के लिए खेरिया पोल से कानाराम खेरिया के घर तक ब्लॉक सडक निर्माण, कोडासर बीदावतान में पानी निकासी के लिए घंटियाल सडक से किशोर सिंह के घर तक ब्लॉक सडक, चरला में राजणा स्थित स्कूल पास निर्मित सामुदायिक भवन की मरम्मत सहित अनेक विकास कार्यों का सांसद द्वारा लोकार्पण किया गया।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सेमिनार आयोजित



निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** कातर छोटी के विवेकानन्द विद्या आश्रम द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सभी पाठ्यक्रमों की बालिकाओं का सामूहिक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। डॉ. अखिलेश राय ने महिलाओं के कैरियर निर्माण विषय पर अपने विचार रखे। डॉ. शकुंतला राठौर ने बताया की किस प्रकार से दहेज अभिशाप बनता जा रहा है। स्वस्थ समाज में महिलाओं की भूमिका के विषय पर दातार कंवर ने अपने विचार व्यक्त किये। अध्यापिका पूजा ने बताया की पढ़ी-लिखी महिलाएं किस प्रकार से राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान कर सकती है। महिलाओं के सेफ्टी कंसर्न पर अध्यापिका सरोज ने अपने विचार प्रस्तुत किये। चंदा व्यास ने बाल विवाह को जड़ से खत्म करने की शपथ दिलवाई। बीएड प्रशिक्षणार्थी सीता ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान विषय पर अपने विचार रखे। नीतू, मुस्कान, भवानी, सुलोचना ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन भारतीय पूर्वा ने किया। संस्था निदेशक डॉ. रामचन्द्र लेघा ने बताया कि महिला सशक्तिकरणके लिए ऐसे प्रोग्राम विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर हर हाल में होते रहना चाहिए। जिससे समाज की आधी आबादी को अपनी ताकत का एहसास होगा और शेष आधी आबादी को अपने उत्तरदायित्व का बोध होगा।

## प्राइवेट बसों की हड़ताल से रोडवेज बसों में रही भीड़



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में स्थानीय मुख्य रोडवेज बस स्टैंड पर प्राइवेट बसों की हड़ताल की वजह से दिन भर यात्रियों भीड़ रोड़वेज बसों का इंतजार करती बस स्टैंड पर नजर आई। वहीं यात्रियों की अधिकता के कारण रोडवेज बसों में भीड़ रही व यात्रियों को सीट नहीं मिलने के कारण खड़े रहकर गंतव्य स्थान पर पहुंचे। प्राइवेट बसें नहीं चलने से रोड़वेज बसों में सवारियां अधिकता होने से महिलाओं व बुजुर्गो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्रियों का कहना था कि राज्य सरकार को प्राइवेट बसों की हड़ताल को देखते हुए बसों के संचालन में बढ़ोतरी करनी चाहिए थी।

## उप मुख्यमंत्री ने पारंपरिक उत्पादों की सराहना की

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** दिशा शेखावाटी संस्थान ने सिटी पैलेस में 23 से 25 जनवरी को प्रिंस दिया कुमारी फाउंडेशन कलेक्टिव में भाग लिया। इस दौरान शेखावाटी की बंधनी एवं सिबोरी उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करने राजस्थान सरकार की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, प्रिंसेस



गौरवी कुमारी, राजमाता पद्मिनी देवी ने विजिट की। संस्था सचिव डॉ. अमृत चौधरी ने डिप्टी सीएम को सिल्क का स्टाल पहनकर स्वागत किया। दिया कुमारी एंव अन्य अतिथियों ने संस्था द्वारा बनाए गए उत्पादों की काफी सराहना की और कहा कि हमारी पारंपरिक वेशभूषाएं विश्व प्रसिद्ध हैं।

## जांच हेतु लिए सैम्पल

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भारतीय मानक ब्यूरो उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ज्वेलर्स के गहनो की जांच के लिए समय समय पर जांच अधिकारी द्वारा गहनों की गुणवत्ता की जांच की जाती है। इसी के तहत सुजानगढ़ में आज 9 ज्वेलर्स की दुकान से जांच अधिकारी अरुणेश दुबे, हॉलमार्किंग प्रतिनिधि द्वारा सेम्पल जाँच के लिए लिए गए। श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समिति समाज के अध्यक्ष अरविन्द कड़ेल, हर्ष कठातला, पवन कठातला, जितेंद्र कड़ेल, सरार्फा एशोसिएशन के अध्यक्ष सहदेव कड़ेल आदि भी मौजूद रहे।

## हिन्दू सम्मेलन 26 को

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मीटिंग का आयोजन सूर्य भगवान मंदिर में किया गया, जिसमें यह तय किया गया कि बुनकर बस्ती स्थित गोपाल कृष्ण शास्त्री स्कूल में 26 जनवरी को दोपहर में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन से पहले सूर्य भगवान मंदिर से कलश यात्रा वाहन रैली आयोजनस्थल तक निकाली जाएगी। कार्यक्रम में सालासर के लक्ष्मी नारायण पुजारी मुख्य अतिथि होंगे। जबकि संत सानिध्य गाड़ोदा धाम के महावीर जती महाराज का मिलेगा। वहीं कार्यक्रम को सफलता को लेकर घर-घर जनसंपर्क किया जा रहा है। बैठक में अनेक लोग मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण गौशाला अजीतगढ़ को मिलेगा जिला स्तरीय सर्वश्रेष्ठ गौशाला पुरस्कार

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** जिला गोपालन समिति सीकर की बैठक जिलाध्यक्ष व जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले की अनुदानित गोशाला के लिए बजट व गणतंत्र दिवस पर दो केटेगरी में सर्वश्रेष्ठ गोशाला पुरस्कार के लिए चर्चा हुई। समिति की बैठक में 5 वर्ष से अधिक पुरानी गोशाला के वर्ग में श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ को वहीं 5 वर्ष से कम पुरानी गोशाला वर्ग में श्री कामधेनु गौ एवं पर्यावरण सेवा समिति, फतेहपुर को सर्वश्रेष्ठ गोशाला पुरस्कार हेतु चयनित किया गया।

दोनों गोशालाओं को 5-5 हजार रुपए, प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करने के निर्णय किया गया। समिति ने बताया कि सीकर जिले में कार्यरत पंजीकृत गोशालाओं से 26 जनवरी 2026 को सर्वश्रेष्ठ गोशाला के चयन हेतु आवेदन आंमत्रित किए गए थे। प्रथम श्रेणी तथा द्वितीय श्रेणी में प्राप्त सर्वश्रेष्ठ गोशाला हेतु आवेदनों की




विभागीय कमेटी द्वारा जांच करवाने के पश्चात मूल्यांकन सीट के अनुसार राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी 2026 को जिले की प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी की सर्वश्रेष्ठ गोशाला पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण करवाने हेतु गोशाला मुल्यांकन प्राप्तांकों की वरीयता सूची अनुसार प्रथम श्रेणी हेतु श्री कामधेनु गौ एवं पर्यावरण सेवा समिति, फतेहपुर को 96 अंक के साथ प्रथम स्थान पर रही तथा द्वितीय श्रेणी हेतु श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ को 76 अंक के साथ प्रथम स्थान पर रही।

बैठक में समिति सदस्य एवं जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव, समिति सदस्य एवं जिला कोषाधिकारी विक्रम भूकर, सदस्य सचिव व संयुक्त निदेशक डॉ. राजेंद्र कृष्ण काला, सदस्य एवं अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी सुधीर कुमार, सदस्य एवं कृषि विस्तार संयुक्त निदेशक प्रिया झाझड़िया, संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग एसवीओ डॉ. दिनेश खीचड़ मौजूद थे। अजीतगढ़ श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ़ भवन का मुख्यद्वार।

## बैठक में सदस्यता अभियान एवं मनरेगा को लेकर हुई चर्चा

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कांग्रेस सेवादल नीमकाथाना की जिला बैठक शनिवार को श्रीमाधोपुर स्थित बायपास रोड पर रिद्धि-सिद्धि मैरिज गार्डन में आयोजित की गई। सेवादल जिला अध्यक्ष संयोग भावरिया ने बताया कि कांग्रेस सेवा दल की जिला बैठक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद नारायण घासीया के मुख्य अतिथि के रूप में आयोजित की गई । बैठक में सेवादल प्रदेश सचिव भीम सिंह जाखड़, सेवादल नीम का थाना प्रभारी श्याम शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में सेवादल आगामी समय में गांव-गांव एवं ढ़ाणी-ढ़ाणी में सदस्यता अभियान चलाएगा। साथ ही मनरेगा को लेकर गांव गांव ढ़ाणी ढाणी में जन चेतना के रूप में कार्य करेगा। संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान का विस्तार किया जाना आवश्यक है ।

जिला अध्यक्ष गोविंद नारायण घसीया संविधान बचाने के लिए और आरएसएस एवं भाजपा जैसी फासीवादी ताकतों से लड़ने के लिए सेवादल को मजबूत किया जाना आवश्यक है। मनरेगा कर्मियों को गांव-गांव



जाकर उनके अधिकारों के लिए जागना होगा। आदि विषयों पर जोर दिया, प्रदेश सचिव भीम सिंह जाखड़ ने वर्तमान समय में देश में चल रहे माहौल और देश की वर्तमान समस्याओं के बारे में जानकारी दी। प्रभारी श्याम शर्मा ने सदस्यता अभियान एवं सेवा दल की रीति नीति के बारे में जानकारी दी। जिला अध्यक्ष संयोग भावरिया ने श्रीमाधोपुर विधानसभा से सेवादल सदस्यता अभियान के लिए सुशील साईं को संयोजक एवं अंकित वर्मा घाटमदास को सहसंयोजक और खंडेला विधानसभा के लिए जिला संगठन महासचिव सुभाष मीणा को संयोजक एवं सहसंयोजक अजय खेरवा को नियुक्त किया गया है । श्रीमाधोपुर महिला सेवादल सदस्यता अभियान के लिए सुमन शर्मा को संयोजक नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर खंडेला विधानसभा अध्यक्ष भागीरथ बावलिया, जिला उपाध्यक्ष लीलाराम मीणा, श्रीमाधोपुर विधानसभा अध्यक्ष गोपाल गढ़वाल, श्रीमाधोपुर महिला सेवादल विधानसभा अध्यक्ष सुमन शर्मा, अंकित वर्मा सहित जिले भर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बालिका दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सीकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मोहल्ला हुसैनगंज स्थित मुस्लिम गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आज की सशक्त बालिका ही कल की सशक्त महिला हो सकेगी के संदेश के साथ छात्राओं को उनके अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।

**बालिका सशक्तिकरण पर हुई चर्चा**-प्राधिकरण के पीएलवी ओम प्रकाश पुरोहित ने बालिका दिवस के महत्व और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बालिकाओं के सशक्तिकरण से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने बाल विवाह जैसे सामाजिक अभिशाप और अपराधों के विरुद्ध कानूनी जानकारी प्रदान की और छात्राओं को जागरूक बनने का आह्वान किया।

**महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम पर जोर** -अधिवक्ता मोहम्मद रफीक गौड़ ने महिलाओं पर अत्याचार, घरेलू हिंसा और एसिड अटैक जैसे अपराधों की रोकथाम के लिए भारतीय न्याय संहिता के कानूनी




प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा आज की बालिका हर क्षेत्र में सशक्त होकर ऑटो रिक्शा से लेकर अंतरिक्ष तक सफलता के झंडे गाड़ रही है। विशेष कार्यक्रम में स्कूल की 100 से अधिक छात्राओं और विद्यालय स्टाफके सदस्यों ने भाग लिया। शिविर के माध्यम से बालिकाओं को न केवल उनके अधिकारों की जानकारी मिली बल्कि उन्हें समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित भी किया गया। यह आयोजन सीकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बालिकाओं के कानूनी अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित




निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा केसरी देवी लोहिया राजकीय बालिका महाविद्यालय में बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने देश की बेटियों की उपलब्धीयों की चर्चा करते हुये बताया की आज देश की बेटी हर क्षेत्र में देश का मान बढ़ा रही है। बेटी बचाओ अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से की जा रही जागरूकता के कारण बाललिंगानुपात में काफी बदलाव आया है। बेटियां भी अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के पीसीपीएनडीटी अनुभाग के राजकुमार बैरवा जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक द्वारा देश की बेटियों की उपलब्धीयों की चर्चा करते हुये बताया की आज देश की बेटी हर क्षेत्र में देश का मान बढ़ा रही है। पीपीटी व विडियों के माध्यम से पीसीपीएनडीटी एक्ट की जानकारी देते हुये भ्रूणलिंग जांच करने पर सजा के प्रावधानों पर चर्चा की तथा टोल फ्री नम्बर 104 व 108 तथा भ्रूणलिंग जांच की शिकायत व्हाट्सअप नम्बर 9799997795 की जानकारी दी। इस दौरान प्रषनोतरी कार्यक्रम,, पोस्टर प्रतियोगिता, मुखबीर योजना, डिकॉय ऑपरेशन, नारे लेखन व रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा बालिकाओं को पुरूस्कार वितरण किया गया। प्रथम पुरस्कार साक्षी प्रजापत, द्वितीय पुरस्कार ज्योति मीणा व सानिया नागौरी व तृतीय पुरस्कार वर्षा प्रजापत व कृष्णा को दिया गया। इसके अलावा हस्ताक्षर अभियान मैं सभी छात्र-छात्राओं ने सहभागिता रही। कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग चूरू के जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक राजकुमार बैरवा, रतन सिंह, जिला आईईसी समन्वयक व महाविद्यालय के प्राचार्या, डॉ. रुति मिश्रा, डॉ. निशु कंवर भाटी, सहायक आचार्य व समस्त स्टाफकी उपस्थिति में शपथ लेकर कन्याभ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाई गई।

## डॉ. गायत्री शर्मा को मिलेगा संतोष व्यास स्मृति सृजन सेवा सम्मान

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय मरूदेश संस्थान ने शनिवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस और पूर्व प्राचार्य संतोष व्यास की दसवीं पुण्य तिथि पर संतोष व्यास स्मृति सृजन सेवा सम्मान की घोषणा की। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने बताया कि इस वर्ष यह सम्मान सुजानगढ़ की बेटी, संगीत शिक्षिका और प्रसिद्ध ध्रुपद गायिका डॉ. गायत्री शर्मा को प्रदान किया जायेगा। इसी वर्ष एक भव्य समारोह में डॉ. गायत्री शर्मा को ग्यारह हजार रुपये का चैक, अभिनंदन पत्र, शॉल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया जायेगा। डॉ. गायत्री शर्मा देश के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत के डागर घराने से ताल्लुक रखती हैं। राजस्थान विश्व विद्यालय में विगत बीस बरसों से अतिथि व्याख्याता और गत छह वर्षों से पारीक पीजी कालेज जयपुर में संगीत विभाग की प्रोफेसर के रूप में डॉण् गायत्री शर्मा कार्यरत हैं।

## मंत्री खर्रा आज रतनगढ़ में

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में नगरपालिका के नवीन भवन का शिलान्यास एवं इंडोर स्टेडियम, खेल मैदान, ड्रेनेज व विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण झाबर सिंह खर्रा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार के मुख्यातिथि में आज 25 जनवरी को दोपहर 12:15 बजे स्थानीय सेठ श्री भंवरलाल बुधमल दुगड़ राजकीय नेहरू स्टेडियम आयोजित होगा। उक्त जानकारी डॉ. सहदेवदान चारण अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका ने दी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190